
UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-163 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) सोमवार 25 मई 2026 | youngbharatE-paper.com

## यूपी में बिजली कटौती से हाहाकार, दो अफसर किए गए सस्पेंड

### सीएम योगी ने आज बुलाई हाई लेवल मीटिंग



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच गहराते बिजली संकट ने सरकार और प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में घंटों बिजली कटौती, तकनीकी खराबी और लगातार बाधित आपूर्ति ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। कई इलाकों में 8 से 9 घंटे तक बिजली न आने से लोग सड़कों पर उतर आए, विरोध-प्रदर्शन और चक्काजाम की स्थिति बनी, जिसके बाद प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करनी पड़ी।

हालात की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह 10:30 बजे आपात और उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई है। इस बैठक में ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को तलब किया गया है। माना जा रहा है कि बैठक के बाद बिजली आपूर्ति में लापरवाही और अव्यवस्था को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो सकती है। प्रदेश के कई जिलों से लगातार बिजली आपूर्ति बाधित होने और अघोषित कटौती की शिकायतें सामने आने के बाद सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हालात की समीक्षा के लिए हाईलेवल इमरजेंसी बैठक बुलाई है, जिसमें बिजली आपूर्ति व्यवस्था, तकनीकी खामियां, ट्रांसमिशन और वितरण से जुड़ी दिक्कतों पर चर्चा होगी। सूत्रों के मुताबिक, बैठक के बाद जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई संभव है। इससे पहले बिजली सप्लाई में व्यवधान और समस्या का समाधान न कर पाने पर गाजियाबाद और मेरठ में दो अधिशासी अभियंताओं को शनिवार को निलंबित कर दिया गया। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार शाम केबल फॉल्ट के बाद हालात और बिगड़ गए। फैजुल्लागंज और एफसीआई उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में रातभर बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। मरम्मत कार्य में देरी और लगातार अंधेरे से परेशान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। देर रात बुद्धेश्वर चौराहा और बंधा रोड पर स्थानीय लोगों ने चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप था कि कई घंटों तक बिजली न होने से भीषण गर्मी और उमस में जीना मुश्किल हो गया। फैजुल्लागंज और मुनेश्वरपुरम में करीब 8 से 9 घंटे तक बिजली नहीं आई। इसके अलावा चौक और गोमतीनगर के कई हिस्सों में भी अघोषित बिजली कटौती की शिकायतें सामने आईं। भीषण गर्मी के बीच बिजली बाधित होने से घरों में पानी की सप्लाई, कूलिंग सिस्टम और रोजमर्रा की गतिविधियां प्रभावित हुईं। व्यापारिक प्रतिष्ठानों और छोटे कारोबारियों को भी नुकसान झेलना पड़ा। बिजली कटौती के कारण लगातार बढ़ते विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने लखनऊ शहर और आसपास के 31 बिजली उपकेंद्रों को संवेदनशील घोषित कर दिया है। सुरक्षा के मद्देनजर उतरेटिया, एफसीआई और फैजुल्लागंज उपकेंद्रों पर पीएसी के जवान तैनात कर दिए गए। प्रशासन को आशंका है कि यदि बिजली आपूर्ति जल्द सामान्य नहीं हुई तो लोगों का आक्रोश और बढ़ सकता है। प्रदेश में लगातार बढ़ती गर्मी और बिजली संकट ने सरकार पर दबाव बढ़ा दिया है। जनता अब तत्काल राहत और स्थायी समाधान की उम्मीद कर रही है। मुख्यमंत्री की बैठक में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने, जवाबदेही तय करने और लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई जैसे अहम फैसले हो सकते हैं।

## मुस्लिम गुंडों ने शिवलिंग पर चढ़ाया इस्तेमाल किया हुआ कंडोम, ममता की पुलिस ने उल्टा हिंदुओं पर ही की थी एफआईआर

### पत्रकार ने बताया बंगाल के सिलिगुड़ी का घृणित किस्सा

( यंग भारत न्यूज )




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में बीजेपी की बंपर जीत के पीछे ममता सरकार के काल में हुए मुस्लिम तुष्टीकरण को भी एक बड़ी वजह माना जाता है। ममता सरकार पर अनेक बार ये आरोप लगे कि उन्होंने मुस्लिम वोट बैंक के चक्कर में हिंदुओं की भावनाओं से खूब खिलवाड़ किया।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में बीजेपी की बंपर जीत के पीछे ममता सरकार के काल में हुए मुस्लिम तुष्टीकरण को भी एक बड़ी वजह माना जाता है। ममता सरकार पर अनेक बार ये आरोप लगे कि उन्होंने मुस्लिम वोट बैंक के चक्कर में हिंदुओं की भावनाओं से खूब खिलवाड़ किया। पत्रकार यतेन्द्र शर्मा ने ममता राज में मुस्लिम तुष्टिकरण से जुड़ा एक ऐसा ही किस्सा साझा किया है। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार यतेन्द्र शर्मा ने यह किस्सा बताया है। जिसे आप नीचे दिए गए वीडियो में 20:30 मिनट से सुन सकते हैं। यतेन्द्र शर्मा बताते हैं, 'मैं इस चुनाव में सिलीगुड़ी कवर करने गया था और यह घटना सिलीगुड़ी के आसपास की है। वहाँ एक बहुत पुराना शिव मंदिर है।' वह कहते हैं, 'उस शिव मंदिर पर, मुझे कहने में कोई हर्ज नहीं है। मुस्लिम गुंडे थे, वो गुंडे वहाँ स्थानीय नहीं थे। ये वो लोग थे जिनको अवैध तरीके से वहाँ पर जगह दी गई थी। पश्चिम बंगाल, ममता सरकार ने जगह दी थी और उनके हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने उस शिव मंदिर पर इस्तेमाल किया हुआ कंडोम चढ़ा दिया, शिवलिंग पर। शिवलिंग पर इस्तेमाल किया हुआ कंडोम चढ़ा दिया। किसी की बिना सरकार के इतनी हिम्मत हो सकती है। 'यतेन्द्र बताते हैं, 'जब वहाँ के स्थानीय लोगों को पता चला कि यह धार्मिक भावनाएँ आहत करने का मामला है। इस पर कारवाई होनी चाहिए। उन्होंने वीडियो बनाकर वहाँ पुलिस प्रशासन को दिया। लेकिन पुलिस ने वहाँ जो विश्व हिंदू परिषद के जो लोग थे, जो उसका वीडियो बनाकर ले गए थे, उन्हीं को पकड़कर थाने में बैठा लिया और वीडियो को डिलीट करा दिया कि ये चीजें आगे ना फैलें। ' उन्होंने ममता राज में तुष्टिकरण को लेकर आगे कहा, 'उनके) खिलाफ कारवाई की और साफ कह दिया कि तुम जिसके खिलाफ स्नुङ्क्र करना चाहते हो उनके खिलाफ कोई कारवाई नहीं होगी जबकि वो बांग्लादेश ही घुसपैठिए थे। उनको बचाने का काम किया।'

## सुर्खियां.............

### प्लाट दिलवाने के नाम पर किसान से चार लाख 40 हजार रुपए एडवांस के नाम पर हड़पे

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** प्रोपर्टी डीलर ने प्लाट दिलवाने के नाम पर किसान से चार लाख 40 हजार रुपए एडवांस ले लिया। एक वर्ष बीतने के बाद भी अब वह न तो प्लाट दे रहा है और न ही एडवांस लिए रुपये वापस कर रहा है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर उसे प्लॉट दिलाने अथवा उसके रुपये वापस कराने की मांग की है।

### भीषण गर्मी में भी महीनों से खराब पड़े हैं दो हैंडपंपों,ग्रामीण बुरी तरह परेशानी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** भीषण गर्मी के बीच ग्राम सहाव में महीनों से खराब पड़े दो हैंडपंपों के कारण ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने डीएम से खराब हैंडपंपों का रीबोर कराने की मांग की है, ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को राहत मिल सके। ग्राम सहाव निवासी ज्ञान सिंह परिहार, जितेंद्र पाल आदि ने बताया कि गांव के उनके मोहल्ले में लगे दो हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हुए हैं। हैंडपंपों से पानी नहीं निकल रहा है, जिससे लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में पानी लाने के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

### पिता से विवाद के आरोपी बेटे के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** बंटवारे को लेकर बेटा अपने पिता के साथ विवाद कर रहा था। पीड़ित पिता की सूचना पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी पिता उदयभान ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा राजेश बंटवारक को लेकर अक्सर विवाद करता रहता है। कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन वह सुनने को तैयार नहीं है।

## लखनऊ में बसपा की बैठक, मायावती ने यूपी चुनाव को लेकर दिया मूलमंत्र

### कहा-वोट की सुरक्षा इज्जत-आबरू, मजहब की तरह करें

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को स्टेट यूनिट की बड़ी बैठक की. इसमें पार्टी संगठन की पोलिंग बूथ स्तर तक की जमीनी मजबूती, विधानसभा आमचुनाव की तैयारियों और पार्टी को आर्थिक सहयोग के साथ जनाधार को बढ़ाने के सम्बंध में विस्तृत समीक्षा की. प्रगति रिपोर्ट पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि देश में चुनाव जिस प्रकार की नई-नई चुनौतियों के बीच हो रहे हैं, उसको देखते हुए पार्टी की तैयारियों को हर स्तर पर और भी अधिक चुस्त-दुरुस्त तथा मुस्तैद बनाने की जरूरत है. पार्टी के पक्ष में बढ़ते हुए जन रुझान से यूपी में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनेगी.

बैठक में पोलिंग बूथ स्तर के प्रमुख प्रभारियों सहित विधानसभा, जिला और स्टेट कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे. सभी ने अपनी-अपनी प्रगति रिपोर्ट दी, जिसे संतोषजनक पाने के बावजूद मायावती ने यूपी विधानसभा आमचुनाव की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही न बरतने की हिदायत दी. कहा कि धुरंधर व जुगाड़ू विरोधियों की हर चाल का मुकाबला 2007 की तरह ही पूरी तरह से डट कर करना है. पार्टी प्रत्याशियों के चयन के बारे में बरती जा रही सावधानी जरूरी है. कुल मिलाकर, 'हाथी पर बटन दबाना है, सत्ता में वापस आना है' का मिशन यानि 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की सरकार एक बार फिर लाने के लिए पूरे जी-जान से वोट की सुरक्षा अपनी इज्जत-आबरू, जान-माल व मजहब की तरह से करनी है. कहा कि हाल ही में सम्पन्न हुए पांच राज्यों के विधानसभा आमचुनाव में जो कुछ हुआ व जिस प्रकार से हुआ, उसका समुचित संज्ञान लेने की जरूरत है. बसपा सुप्रीमो ने कहा कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड व पंजाब में अगले वर्ष के शुरू में ही या इससे थोड़ा पहले लगभग एक साथ होने वाले विधानसभा आमचुनाव में इससे सबक सीखकर आगे बढ़ना होगा. खासकर सत्ताधारी पार्टी व सरकारें वादों की खानापूर्ति करने और अनेकों प्रकार की अप्रत्याशित व अभूतपूर्व तरीके से चुनाव को प्रभावित करने में सफल हो जाती हैं. उसके बाद जनहितैषी गवरनेन्स के बजाय ज्यादातर ध्यान भटकाने वाले कार्यकलापों के कारण फिर जनता अपने आपको काफी ठगा हुआ महसूस करने लगती है. उसका क्या लाभ जब चिड़िया चुग गई खेत? उन्होंने कहा कि बीएसपी की कैडर बैठकों में लोगों को इस कटु अनुभवों से अवगत करना ज़रूरी है कि सरकारें व पार्टियां चुनाव के समय जनहितैषी व जनकल्याणकारी होने का ढिंढोरा पीटती हैं और उसमें धन लुटाती हैं, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद वे अपने वादों, घोषणाओं व दावों के प्रति उतना ही उदासीन हो जाती हैं. यही कारण है कि इन पार्टियों की छलावापूर्ण व विभाजनकारी राजनीति से देश व जनहित का सही से भला नहीं हो रहा है, उनका जीवन लगातार लाचार व मजबूर बना हुआ है. ऐसी छलावा/वादाखिलाफी के विरुद्ध जनता को जागरुक होना होगा, जो उनके वोट के अधिकार का संदेश और सीख भी है. उन्होंने कहा कि विरोधी पार्टियों की ऐसी छलावापूर्ण राजनीति का दुष्परिणाम यह भी है कि चुनाव के समय उन्हें हर प्रकार से लुभाया जाता है लेकिन चनाव के बाद महंगाई, बेरोजगार व नये-नये नियम-कानून के जरिये हर प्रकार के तनाव सहित उनके जीवन के जंजाल को और भी बढ़ा दिया जाता है. मायावती ने कहा कि बड़े-बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठ समर्थक नीति व राजनीति के प्रचलन से सर्वसमाज का हो रहा अहित सबके सामने है. ऐसे में सरकारें अगर लोगों की रोजी-रोटी, शान्ति सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था जैसे जनहित की ज़िम्मेदारी पर अपना ध्यान केन्द्रित करें तो यह संकटों से राहत के लिए प्रभावकारी होगा. यूपी के लोगों को पूरी तरह से आज़माई हुई पार्टी बसपा नेतृत्व पर पूरी तरह से 2007 की तरह भरोसा करना होगा. जब ब्राह्मण समाज व कमजोर तबकों सहित सर्वसमाज के लोगों को वहां उपेक्षा व असुरक्षा से निकालकर पार्टी व सरकार में भी उचित भागीदारी व भरपूर आदर-सम्मान दिया गया.

## जनपद में चार वर्षों से सिंचाई विभाग की कमाऊ सीटों पर जमे अभियंताओं के ऊपर सरकार की तबादला नीति भी फैल

### जलशक्ति मंत्री के जनपद में नहर विभाग में सिल्ट सफाई के नाम पर करोड़ों का बंदरबांट

- सिल्ट सफाई पर हर साल कागजो पर होते हैं करोड़ों खर्च, फिर भी सूखी पड़ी नहरें और बंबे, और टेल तक नही पहुंचता पानी
- चार वर्ष से अपनी-अपनी मलाईदार सीटो पर जमे हैं अभियंता
- किसानों की आय दुगनी करने के वादे के साथ आई भाजपा सरकार के कार्यकाल में किसानों की आय पर है बड़ा कुठारा घात

(प्रधान सम्पादक)

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश सरकार जहां किसानों की आय दोगुनी करने और सिंचाई सुविधाओं को मजबूत बनाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं जलशक्ति मंत्री के गृह जनपद जालौन में ही बेतवा प्रखंड नहर विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में दिखाई दे रही है। किसानों ने आरोप लगाया है कि नहरों और बंबों की सील्ट सफाई के नाम पर हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च दिखाए जाते हैं, लेकिन धरातल पर हालात इसके बिल्कुल विपरीत हैं। परिणामस्वरूप नहरों का पानी टेल तक नहीं पहुंच पा रहा है और किसानों को सिंचाई के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों का कहना है कि विभाग द्वारा हर साल नहरों, बंबों और सर्विस रोड की सफाई एवं मरम्मत पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च किए जाने का दावा किया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि कई स्थानों पर वर्षों से न तो सही तरीके से सफाई हुई है और न ही सर्विस रोडों का रखरखाव किया गया है। किसानों का आरोप है कि कागजों में कार्य पूर्ण दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। किसानों ने यह भी सवाल उठाया है कि उत्तर प्रदेश सरकार की तबादला नीति क्या सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर लागू नहीं होती। उनका कहना है कि विभाग में कई अभियंता, जूनियर इंजीनियर और अन्य कर्मचारी वर्षों से एक ही स्थान पर तैनात हैं। लंबे समय से एक ही जगह पर तैनाती रहने के कारण विभाग में जवाबदेही समाप्त होती जा रही है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, सील्ट सफाई के कार्यों में ठेकेदारी व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि विभाग के कुछ पसंदीदा ठेकेदारों को कार्य दिए जाने की चर्चाएं हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन किसानों का आरोप है कि सफाई कार्यों में भारी अनियमितताएं बरती जा रही हैं और उसका सीधा नुकसान खेतों तक पानी न पहुंचने के रूप में सामने आ रहा है। हाल ही में नहरों और बंबों का निरीक्षण करने वाले किसानों और ग्रामीणों का दावा है कि कई स्थानों पर नहरों में भारी मात्रा में गाद जमा है। जगह-जगह झाड़ियां और अवरोध मौजूद हैं, जिससे पानी का प्रवाह प्रभावित हो रहा है। किसानों का कहना है कि यदि समय पर और गुणवत्तापूर्ण सफाई कराई गई होती तो सिंचाई व्यवस्था बेहतर होती और उन्हें निजी संसाधनों से सिंचाई पर अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ता। कई किसानों ने आरोप लगाया कि सर्विस रोडों पर भी वर्षों से कोई ठोस कार्य नहीं कराया गया है। विभाग द्वारा कई बार मिट्टीकरण और मरम्मत के कार्य दिखाए गए, लेकिन मौके पर ऐसे कार्यों के स्पष्ट प्रमाण नहीं मिलते हैं। इससे विभागीय दावों और वास्तविक स्थिति के बीच बड़ा अंतर दिखाई देता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं तो फिर नहरों की स्थिति बदहाल क्यों है? आखिर किसानों तक पानी क्यों नहीं पहुंच पा रहा है? यदि आरोप सही हैं तो यह न केवल सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला है बल्कि किसानों के हितों के साथ भी सीधा खिलवाड़ है। इस पूरे मामले में जब बेतवा प्रखंड नहर उरई के अधिशासी अभियंता से पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो सका। विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई। ऐसे में किसानों की मांग है कि शासन स्तर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, नहर सफाई कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जाए तथा दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अब देखना यह होगा कि किसानों के इन गंभीर आरोपों पर शासन और प्रशासन क्या कदम उठाता है और क्या जालौन के किसानों को उनकी सिंचाई समस्या से राहत मिल पाती है या नहीं।

- सरकारी दावे हैं हवा हवाई, किसान की तो बस मुसीबत आई
- सिल्ट सफाई के बारे में पूछें जाने पर मुँह चुराते हैं अधिशासी अभियंता
- सरकार का है पारदर्शिता का दावा, मगर यहां चल रहा है छुप छुप कर बड़ा खेल
- मंत्री के जनपद में बड़े पैमाने पर खा-खा खइ्या कर रहे कई वर्षो से जमे धूर्त अभियंता सज्जन मंत्री स्वतंत्र देव को बहकाते रहते हैं ईमानदारी की बातों से

# योगेश कुमार यादव लेखा निरीक्षक पद पर विजयी

## 334 मत प्राप्त कर 108 मतों से दर्ज की शानदार जीत, तहसील कालपी में खुशी की लहर

### -बुंदेलखंड क्षेत्र से पहली बार परिवर्तन टीम के प्रत्याशी ने लेखा निरीक्षक पद पर हासिल की ऐतिहासिक जीत



( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )!** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के चुनाव में तहसील कालपी से परिवर्तन टीम के प्रत्याशी योगेश कुमार यादव ने लेखा निरीक्षक पद पर शानदार जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया। योगेश कुमार यादव को कुल 334 मत प्राप्त हुए तथा उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 108 मतों के बड़े अंतर से पराजित कर विजय हासिल की। खास बात यह रही कि बुंदेलखंड क्षेत्र से पहली बार परिवर्तन टीम के प्रत्याशी ने लेखा निरीक्षक पद पर जीत दर्ज कर नया इतिहास बनाया है। इस ऐतिहासिक जीत से लेखपालों एवं समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला।

चुनाव परिणाम घोषित होते ही तहसील कालपी परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में उपस्थित लेखपालों एवं समर्थकों ने योगेश कुमार यादव को फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। 'योगेश यादव जिंदाबाद' और 'परिवर्तन टीम जिंदाबाद' के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। योगेश कुमार यादव पूर्व सैनिक वायु सेना से जुड़े रहे हैं तथा लंबे समय से लेखपाल हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनकी ईमानदार कार्यशैली, सरल स्वभाव और संगठन के प्रति समर्पण के कारण लेखपाल समाज में उनकी मजबूत पहचान बनी हुई है। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने लेखपालों की समस्याओं के समाधान, संगठन को मजबूत बनाने तथा कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करने का भरोसा दिलाया था। लेखपालों ने उनके कार्यों एवं विचारों पर विश्वास जताते हुए भारी मतों से उन्हें विजयी बनाया। विजय के बाद योगेश कुमार यादव ने सभी लेखपाल साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे लेखपाल समाज की जीत है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती, कर्मचारियों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने सभी साथियों को साथ लेकर चलने और संगठन में एकता बनाए रखने का संकल्प भी दोहराया। परिवर्तन टीम के पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि लेखपालों ने परिवर्तन और विकास की सोच पर भरोसा जताया है। बुंदेलखंड क्षेत्र में पहली बार परिवर्तन टीम को मिली इस सफलता से संगठन के कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। समर्थकों का कहना है कि योगेश कुमार यादव के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। तहसील कालपी के अनेक लेखपालों, कर्मचारियों एवं शुभचिंतकों ने योगेश कुमार यादव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। देर शाम तक स्वागत, माल्यार्पण और मिठाई वितरण का सिलसिला चलता रहा। चुनाव में मिली इस बड़ी जीत से परिवर्तन टीम के कार्यकर्ताओं में भी खासा उत्साह दिखाई दिया। लेखपालों का कहना था कि योगेश कुमार यादव हमेशा कर्मचारियों के सुख-दुख में साथ खड़े रहे और उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। यही कारण है कि उन्हें चुनाव में भारी जनसमर्थन प्राप्त हुआ। उनकी जीत से लेखपाल समाज में नई उम्मीद जगी है तथा संगठन में सकारात्मक बदलाव की आशा और अधिक मजबूत हुई है।

# पिता से विवाद के आरोपी बेटे के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** बंटवारे को लेकर बेटा अपने पिता के साथ विवाद कर रहा था। पीड़ित पिता की सूचना पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी पिता उदयभान ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा राजेश बंटवारक को लेकर अक्सर विवाद करता रहता है। कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन वह सुनने को तैयार नहीं है। पिता ने आरोप लगाया कि रविवार की सुबह बेटा इसी को लेकर विवाद करने लगा। जब उन्होंने समझाने का प्रयास किया तो वह गाली, गलौज करने लगा। पिता की सूचना पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ कार्रवाई की है।

# वॉइस आफ बुंदेलखंड के सेमीफाइनल में सजा सुर साधना का अनोखा संगम, चुने गए फाइनलिस्ट

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** सामाजिक संस्था प्रयास सभी के लिए के द्वारा आयोजित झांसी आइडल वॉयस ऑफ बुंदेलखंड प्रतियोगिता का सेमीफाइनल राउंड आज संस्था अध्यक्ष इंजी के डी गुप्ता की अध्यक्षता , संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा के सानिध्य, व मुख्य कार्यक्रम संयोजक वैदेही शरण सरावगी, पवन नैयर, राकेश मेहरोत्रा एवम् अविनाश दीक्षित के संयोजन में राजकीय संग्रहालय सभागार में प्रतियोगिता के दूसरे दिन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आई एम ए अध्यक्ष डॉ प्रमोद गुप्ता व राजकीय संग्रहालय के निदेशक मनोज गौतम रहे।15 से 30 वर्ष आयु वर्ग के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता के सेमी फाइनल राउंड में चुने हुए 30 प्रतिभागियों ने अपनी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी और श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया एवं निर्णायकों को अचंभित कर अपनी आवाज का परिचय देकर निर्णय को कठिन बना दिया।निर्णायक मंडल के संदीप आनंदानी एवं मंजूषा सिंह ने उनकी क्षमताओं को बड़ी बारीकी से परखा और उनसे एक अंतरा और एक मुखड़ा सुनने के बाद अपने निर्णय दिए , और 10 प्रतिभागियों का फाइनल राउंड ग्रैंड फिनाले हेतु चयन किया, जिसका आयोजन दीनदयाल सभागार में मंगलवार 26 मई को शाम 5 बजे से रंगारंग कार्यक्रमों के साथ होगा और झांसी आइडल बॉयस ऑफ बुंदेलखंड चुना जाएगा। कार्यक्रम का संचालन संरक्षक रामकुमार लोहिया व महामंत्री नवीन श्रीवास्तव ने किया एवं आभार ज्ञापन कोषाध्यक्ष दिनेश चौरसिया ने किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष सुनील खरे, रवि शंकर चटर्जी, किशन सोनी, मौसमी रॉय, एड संजय खरे, भरत सेठ,अशोक अग्रवाल पीएनबी, सुनील गुप्ता बब्बल, निवर्तमान अध्यक्ष रामबाबू शर्मा, इंजी अरुण खरे, डी एस अग्रवाल, लखन पटवारी, बृजेश बड़ोनिया, सुभाष पुरवार, राजीव अग्रवाल राजू विसो, सतीश साहनी, एड दिनेश वर्मा, एड विजय कुमार खरे, सी बी राय तरुण, उमा शंकर राय, राकेश झा एड, बद्री प्रसाद नायक, पी के भटनागर, देवेश मिश्रा, मुन्ना लाल मिश्रा, विनोद अग्रवाल यूको, राम कुमार अग्रवाल यूको, प्रमोद चउदा, महेश चन्द मिश्रा, राजेश गुप्ता, आर पी मोदी, एड अनिल श्रीवास्तव, अशोक पासी, अंबिका श्रीवास्तव, अशोक ओमहरे, राधे गोविन्द गुप्ता बीयू, एड विनय व्यास , संजय बाजपेई एलआईसी, नीलकमल श्रीवास्तव, मधु पासी, ऋतु पुरवार, निधि अग्रवाल, रेखा लोइया, दीपा अग्रवाल, विंग अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, निशा श्रीवास्तव , महेंद्र दीवान, प्रभाष खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

# समर कैंप में में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों को सीखा

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** स्थानीय सेठ वीरेंद्र कुमार पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों को सीख।

विद्यालय में आयोजित समर कैंप का शुभारंभ अध्यक्ष डॉ. नितिन मित्तल ने फीता काटकर किया। कैंप के पहले ही दिन बच्चों को विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराया गया। अध्यक्ष डॉ. नितिन मित्तल ने बताया कि समर कै ।प में बच्चों को कुशल प्रशिक्षकों की देखरेख में विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह समर कैंप बच्चों को कुछ नया सीखने और अपनी छुपी हुई प्रतिभा को पहचानने का एक बेहतरीन मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि समर कैंप बच्चों को नई चीजें सीखने, अपनी प्रतिभा पहचानने और अनुशासन के साथ टीम भावना विकसित करने का अच्छा अवसर प्रदान करता है। समर कैंप में आयोजित गतिविधियों में तैराकी, स्केटिंग, डांस, क्राफ्ट, गेम्स और मनोरंजक गतिविधियां शामिल हैं। बच्चों पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ हर गतिविधि में हिस्सा लेते दिखाई दिए। बच्चे अपनी प्रतिभा के अनुसार विभिन्न खेलकूद जैये स्केटिंग, स्विमिंग, कूद, आर्ट और क्राफ्ट गतिविधियों में भाग लेते दिखे।

# छत पर सो रहे तीन युवकों को कोबरा ने डसा, एक की मौत; दो की हालत नाजुक

( यंग भारत न्यूज )

**उरई/बंगरा।** बंगरा कस्बे में शनिवार रात दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के तीन युवकों को जहरीले कोबरा सांप ने डस लिया। समय पर सही इलाज न मिलने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों का उपचार झांसी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम बंगरा निवासी ललन्जू परिहार के यहां अगले महीने 19 तारीख को बेटी की शादी है। शादी समारोह में शामिल होने मध्य प्रदेश के रौन से रिश्तेदारों का आना शुरू हो गया था। इन्हीं में ललन्जू की भतीजी का पुत्र पुनीत (22) भी आया हुआ था।

शनिवार रात बिजली गुल होने और भीषण गर्मी के कारण पुनीत, अंशुल पुत्र कल्याण सिंह परिहार (23) तथा सुमित पुत्र रविंद्र उर्फ धुप्पे (19) छत पर सोने चले गए। देर रात एक जहरीला कोबरा छत पर पहुंच गया और बिस्तर पर सो रहे अंशुल को डस लिया। जब तक युवक कुछ समझ पाते, सांप ने सुमित और पुनीत को भी काट लिया। अचानक चीख-पुकार मचने पर अंशुल ने हिम्मत दिखाते हुए कोबरा को मार डाला, लेकिन तब तक तीनों युवक जहर की चपेट में आ चुके थे। घबराए परिजन पहले तीनों को झाड़-फूंक के लिए ग्राम डीहा ले गए, लेकिन वहां से मना कर दिए जाने पर आनन-फानन में उरई जिला अस्पताल पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि जिला अस्पताल में एंटी वेनम इंजेक्शन उपलब्ध न होने की बात कहकर तीनों को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इलाज शुरू होने तक काफी देर हो चुकी थी और उपचार के दौरान अंशुल की मौत हो गई, जबकि सुमित और पुनीत की हालत अब भी चिंताजनक बनी हुई है। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है। जिस घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहां अब चीख-पुकार और चिंता का माहौल पसरा हुआ है। सूत्रों के अनुसार डॉक्टरों द्वारा अंशुल को मृत बताए जाने के बाद भी परिजन इस बात को मानने को तैयार नहीं हुए और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कराए बिना ही शव को किसी बाबा के पास झाड़-फूंक के लिए ले गए। इसी कारण देर रात तक युवक की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी थी।

# ललितपुर मजदूर अडडे की बदहाली

**ललितपुर।** शहर के मजदूर अडडे की बदहाल व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। यहां रोजाना ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों मजदूर रोजगार की तलाश में पहुंचते हैं, लेकिन उनके लिए न तो पीने के पानी की समुचित व्यवस्था है और न ही बैठने अथवा धूप से बचने के लिए कोई शेड उपलब्ध कराया गया है। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच मजदूर घंटों सड़क किनारे खड़े रहने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार सुबह-सुबह ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मजदूर मजदूर अडडे पर पहुंचते हैं। इनमें महिलाएं, बुजुर्ग और युवा मजदूर भी शामिल होते हैं। काम मिलने की उम्मीद में ये लोग कई-कई घंटे तक खुले आसमान के नीचे इंतजार करते हैं। गर्मी के इस मौसम में तेज धूप और लू के कारण मजदूरों की हालत खराब हो रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा सका है। असंगठित कर्मकार मजदूर यूनियन के अध्यक्ष अमित प्रजापति ने मजदूरों की समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मजदूर रोजी-रोटी की तलाश में सुबह से मजदूर अडडे पर पहुंच जाते हैं

# प्लाट दिलवाने के नाम पर किसान से चार लाख 40 हजार रुपए एडवांस के नाम पर हड़पे

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** प्रोपर्टी डीलर ने प्लाट दिलवाने के नाम पर किसान से चार लाख 40 हजार रुपए एडवांस ले लिया। एक वर्ष बीतने के बाद भी अब वह न तो प्लाट दे रहा है और न ही एडवांस लिए रुपये वापस कर रहा है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर उसे प्लॉट दिलाने अथवा उसके रुपये वापस कराने की मांग की है।

क्षेत्रीय ग्राम चरसौनी निवासी कमल सिंह ने पुलिस को बताया उन्हें एक प्लॉट की आवश्यकता थी। प्लाट खरीदने के लिए उन्होंने चुंगी नंबर चार के पास स्थित एक प्रापर्टी डीलर के ऑफिस में संपर्क किया। जहां उन्हें जालौन बाबई मार्ग पर 1500 वर्ग फीट का एक प्लाट दिखाया गया। प्लाट पसंद आने पर 17 लाख 62 हजार 500 में रुपये में सौदा तय हो गया। प्लाट की बुकिंग के लिए एडवांस के तौर पर पहले उन्होंने तीन लाख रुपए और कुछ दिनो बाद एक लाख 40 हजार रुपये चैक के द्वारा भुगतान कर दिए। एडवांस चार लाख 40 हजार रुपये लेने के बाद जब उन्होंने पूरा रुपये प्लॉट की रजिस्ट्री कराकर पूरे रुपये लेने के लिए कहां तो वह बहानेबाजी करने लगा। महीनों बीतने के बाद जब एडवांस वापस मांगा तो पहले तो टहलाता रहा। जब दबाव बनाया तो उसने 25 नवंबर 2025 को पत्नी के नाम चार लाख 40 हजार रुपये की चैक दे दी। जब चैक को भुगतान के लिए लगाया गया तो वह बाउंस हो गई। पीड़ित ने पुलिस से उसके एडवांस रुपये वापस दिलाने अथवा प्लॉट दिलाने की गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भीषण गर्मी में भी महीनों से खराब पड़े हैं दो हैंडपंपों,ग्रामीण बुरी तरह परेशानी

## जनता के प्रति कितने जवाब देह हैं जनप्रतिनिधि और अधिकारी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** भीषण गर्मी के बीच ग्राम सहाव में महीनों से खराब पड़े दो हैंडपंपों के कारण ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने डीएम से खराब हैंडपंपों का रीबोर कराने की मांग की है, ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को राहत मिल सके।

ग्राम सहाव निवासी ज्ञान सिंह परिहार, जितेंद्र पाल आदि ने बताया कि गांव के उनके मोहल्ले में लगे दो हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हुए हैं। हैंडपंपों से पानी नहीं निकल रहा है, जिससे लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में पानी लाने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि खराब हैंडपंपों के रीबोर की आवश्यकता है। इसके लिए कई बार ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि गांव में पानी की समस्या के कारण महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। सुबह से ही पानी भरने के लिए परेशान होना पड़ता है। यदि दोपहर में पानी जरूरत पड़ती है तो और भी स्थिति खराब हो जाती है। ग्रामीणों ने डीएम से मांग की है कि समस्या को गंभीरता से लेते हुए खराब हैंडपंपों का शीघ्र रीबोर कराया जाए, ताकि गांववासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके और उन्हें भीषण गर्मी में उन्हें पेयजल मिलता रहे।

# 66वाँ श्री रामचरित मानस सम्मेलन समारोह का संगीतमय सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ भव्य शुभारंभ

- बिनु सत्संग विवेक न होई, राम कृपा बिनु सुलभ न सोई - विश्वभूषण दास
- ज्ञान रूपी गंगा में स्नान करने से अज्ञान और पाप मिट जाते है - आस्था दुबे
- सत्संग की महिमा अपार है - राजेन्द्र पाठक
- भगवान प्रेम से प्रकट होते है - राकेश मानस मराल



( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी।** प्रेमनगर नगरा में स्थित कस्तूरबा कन्या इंटर कॉलेज परिसर में श्रीरामचरित मानस समिति प्रेमनगर के तत्वावधान में 66वाँ संगीतमय श्री रामचरित मानस सम्मेलन का संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ के साथ भव्य शुभारंभ हुआ और सम्मेलन में 5 दिवसीय कार्यक्रम की बेला में प्रथम दिवस में समस्त भक्तों ने श्रीरामचरितमानस की महिमा एवं महत्व पर प्रवचन श्रवण किए। सर्वप्रथम विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं आरती की गयी व उसके पश्चात संतो, धर्मगुरुओं एवं वैदिक ब्राह्मणो की उपस्थिति में श्रीरामचरितमानस सम्मेलन का भव्य शुभारंभ हुआ और प्रवचन श्रवण कराते हुए पूज्य महामंडलेश्वर आचार्य विश्वभूषण दास जी महाराज ने कहा कि बिनु सत्संग विवेक न होई, राम कृपा बिनु सुलभ न सोई। साथ ही वर्णन करते हुए बताया कि सत्संग के बिना सही ज्ञान और विवेक की प्राप्ति नहीं होती और यह सत्संग भी प्रभु श्री राम की कृपा के बिना आसानी से नहीं मिलता। सत्संगति का प्रभाव इतना अद्भुत होता है कि दुष्ट प्रकृति के लोग भी सुधर जाते हैं, ठीक वैसे ही जैसे पारस पत्थर के स्पर्श से लोहा सोना बन जाता है। व साध्वी आस्था दुबे मानस पीयूष जबलपुर ने कहा कि ज्ञान रूपी गंगा में स्नान करने से अज्ञान और पाप मिट जाते हैं और कहा कि गंगा जल में डुबकी लगाने से नकारात्मक कर्म दूर होते हैं और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है साथ ही बताया कि केवल शरीर को पानी से भीगने से पाप नहीं धुलते इसके लिए शुद्ध मन, पश्चाताप और सही विचारों के साथ स्नान करना आवश्यक है। और और प्रभु श्रीराम द्वारा दी गई 'नवधा भक्ति' (नौ प्रकार की भक्ति) का वर्णन का उल्लेख करते हुए बताया कि जो भी साधक इन नौ मार्गों में से एक का भी सच्चे मन से पालन करता है, उस पर भगवान की असीम कृपा होती है और वह प्रभु का अत्यंत प्रिय बन जाता है। व पूज्य पं.राजेन्द्र पाठक जी महाराज ने कहा कि सत्संग की महिमा अपार है। अज्ञानी सत्संग के प्रभाव से विरागी बन जाता है, विपदा से ग्रस्त व्यक्ति सत्संग के प्रभाव से संपन्नताशाली हो जाता है। संत महात्माओं की संगति से हृदय के कपाट खुल जाते हैं, हृदय में प्रभु भक्ति रूपी सुधा धारा निरंतर बहती रहती है। और पूज्य पं.राकेश जी महाराज मानस मराल वृंदावन धाम ने कहा कि भगवान हर जगह व्याप्त है प्रकट करने के लिए हमें भगवान की आराधना करनी चाहिए। प्रेम से भगवान प्रकट होते है भगवान प्रेम के भूखे है प्रेम से जब भक्त भगवान को बुलाता है वह आकर भक्त का कल्याण करते है। तथा इस अवसर पर पूजन-अर्चन एवं आरती में मुख्य रूप से पं.श्याम सुंदर अवस्थी, पं.सियारामशरण चतुर्वेदी, कैलाश नारायण मालवीय, डॉ.जितेंद्र तिवारी, ठा.अरुण सिंह, महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, हरिशंकर शर्मा, भगवती प्रसाद पांडेय, नागेश चंद्र तिवारी, कुलदीप अवस्थी, विश्वनाथ मिश्रा, चंद्रमोहन तिवारी, श्रवण तिवारी, सतेंद्र तिवारी, हिर्देश रानू महाराज, सत्यप्रकाश मिश्रा सहित आदि भक्तगण लोग उपस्थित रहे। व कार्यक्रम का संचालन समिति संचालक पं.सियारामशरण चतुर्वेदी प्रधानाचार्य ने किया अंत मे आभार ज्ञापन समिति अध्यक्ष पं.श्याम सुंदर अवस्थी ने किया।

# मुख्यालय को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक नशीले गुटखे का है साम्राज्य का

**गुटखा सेवन से युवा, महिलाएं व पुरुष आ रहे बिगड़ते स्वास्थ्य की चपेट में, कैंसर का है संवाहक**





**■ उत्पादन शुल्क विभाग, जीएसटी, पुलिस विभाग सभी को पहुंचाया जाता है महीने का बंधा बंधाया पैसा**

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )**।जनपद जालौन में इन दिनों युवाओं, महिलाओं और पुरुषों के बीच मिश्रित गुटखा, तंबाकू व पान मसाला के सेवन का चलन तेजी से बढ़ता दिखाई दे रहा है। सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, बस स्टैंडों और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग इन नशीले उत्पादों का सेवन करते नजर आते हैं, जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहे हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार गुटखा और तंबाकू में निकोटिन सहित हजारों हानिकारक रसायन पाए जाते हैं, जो मुंह का कैंसर, गले की बीमारी, हृदय रोग और फेफड़ों की गंभीर समस्याओं का कारण बनते हैं। शोध रिपोर्टों में बताया गया है कि गुटखा व स्मोकलेस तंबाकू में मौजूद रसायन शरीर के लिए अत्यंत घातक होते हैं और लंबे समय तक सेवन करने से कैंसर का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विभाग के जानकारों का कहना है कि लगातार गुटखा सेवन करने वालों में दांत खराब होना, मसूड़ों से खून आना, मुंह का न खुलना, कमजोरी, तनाव और नशे की लत जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। महिलाओं और युवाओं में भी इसका प्रभाव चिंताजनक माना जा रहा है। हाल की रिपोर्टों में सामाजिक दबाव और तनाव को तंबाकू सेवन बढ़ने का प्रमुख कारण बताया गया है।

# भीषण गर्मी में धुआंधार हो रही विद्युत कटौती से बिलबिला उठा आम जनमानस




( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )**। भीषण गर्मी के चलते जनपद जालौन समेत पूरे प्रदेश में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से आम जनमानस का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिन में तेज धूप और रात में उमस भरी गर्मी के बीच घंटों बिजली गुल रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक हालात बदतर बने हुए हैं। कई मोहल्लों और गांवों में बार-बार बिजली आने-जाने का सिलसिला जारी है, जिससे पेयजल संकट भी गहराने लगा है। इन्वर्टर जवाब दे चुके हैं और छोटे कारोबारियों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। रातभर बिजली न आने से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों की हालत सबसे ज्यादा खराब हो रही है।

लोगों का कहना है कि एक ओर तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है, वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग पर्याप्त आपूर्ति देने में नाकाम साबित हो रहा है। कई स्थानों पर ओवरलोडिंग के चलते ट्रांसफार्मर फुंकने और लो-वोल्टेज की समस्या भी लगातार बनी हुई है। प्रदेश के कई जिलों में बिजली संकट को लेकर विरोध प्रदर्शन तक होने लगे हैं। लखनऊ सहित कई शहरों में लोगों ने पावर हाउसों का घेराव कर नाराजगी जताई है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बिजली संकट पर अधिकारियों की बैठक बुलाकर निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि भीषण गर्मी को देखते हुए विद्युत विभाग रोस्टर के अनुसार नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करे ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# युवा प्रतिभा आयुष राठौर ने रचा सफलता का इतिहास

**42 लाख के पैकेज पर फेंज में चयन**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। मेहनत लगन और माता.पिता की मेहनत से प्रेरणा लेकर एक युवा ने सफलता की नई मिसाल कायम की है। बैंक कॉलनि उरई के निवासी आयुष राठौर ने अपनी प्रतिभा और अथक परिश्रम के दम पर प्रतिष्ठित कंपनी थ्सव.फेंज में 42 लाख रुपये वार्षिक पैकेज के साथ चयन हासिल किया है।

आयुष राठौर ने वर्ष 2022 में जैसी कठिन परीक्षाओं को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर देश के प्रतिष्ठित संस्थान वाराणसी में प्रवेश प्राप्त किया। अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर उन्होंने अब एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आयुष की माता श्रीमती प्रीति राठौर गांधी इंटर कॉलिज में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं ,जबकि उनके पिता दिनेश कुमार राठौर बिल्डिंग मटेरियल के व्यवसाय से जुड़े हैं। आयुष बताते हैं कि उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा उनके माता.पिता हैं। उन्होंने कहाए मैं हमेशा अपने माता.पिता को कठिन मेहनत करते हुए देखता था। उनकी मेहनत और संघर्ष ने मुझे जीवन में कुछ बड़ा करने की प्रेरणा दी। आयुष की इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। रिश्तेदारों मित्रों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। आयुष के प्रिय मित्र आदित्य सिंह,युवराज सिंह तोमर, शुभमराज अग्रवाल,देव सहुाने कहते हैं कि आयुष की यह उपलब्धि आज के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है कि समर्पण और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों युवती की जहर खाने से मौत

**मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान तोड़ा दम**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** ।उरई कोतवाली क्षेत्र के इंद्रानगर मोहल्ले में 18 वर्षीय युवती द्वारा जहरीला पदार्थ खाने का मामला सामने आने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान खुशी राजपूत के रूप में हुई है, जो भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष मनोज राजपूत की भतीजी बताई जा रही है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि मोहल्ले में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार खुशी राजपूत ने हाल ही में शताब्दी महाविद्यालय से बीए फाइनल वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। परिजनों का कहना है कि शनिवार देर रात उसने संदिग्ध परिस्थितियों में घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज उरई लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया।

इलाज के दौरान युवती की हालत लगातार नाजुक बनी रही। चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार और रिश्तेदार मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। स्थानीय लोगों में भी घटना को लेकर गहरा दुख और आक्रोश देखा गया। सूचना मिलने पर उरई कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि युवती ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। उरई कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से परिवार गहरे सदमे में है।

# डॉ. संजय निषाद, क्रीमी लेयर खत्म करने की उठाई मांग

**सपा पर जम कर बरसे**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई**। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने उरई स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए क्रीमी लेयर व्यवस्था समाप्त करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि आरक्षण का वास्तविक लाभ गरीब और जरूरतमंद पिछड़े वर्ग तक नहीं पहुंच पा रहा है, जबकि संपन्न परिवार लगातार इसका फायदा ले रहे हैं।

डॉ. निषाद ने पंचायत चुनाव में देरी के लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष न्यायालय नहीं गया होता तो पंचायत चुनाव समय पर हो चुके होते। अदालत के निर्देशों के अनुसार सरकार पूरी पारदर्शिता और कानूनी प्रक्रिया का पालन कर रही है। फूलन देवी प्रकरण का जिक्र करते हुए उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा ने वर्षों तक पिछड़ों के नाम पर राजनीति की, लेकिन उनके अधिकारों को मजबूत करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। साथ ही उन्होंने फूलन देवी हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने और परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर डॉ. संजय निषाद ने दावा किया कि इस बार बुंदेलखंड में निषाद पार्टी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि कालपी, तिंदवारी और हमीरपुर समेत कई सीटों पर पार्टी का संगठन मजबूत हो चुका है और भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा जाएगा। जनसभा में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# समर कैंप में गई थी 22 वर्षीय शिक्षिका, अचानक हो गई लापता, परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**प्रेम प्रसंग की आशंका**

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई**। स्थानीय नगर में स्थित एक निजी विधालय में कार्यरत शिक्षिका के गायब होने के मामले में पीड़ित पिता की ओर से अज्ञात के खिलाफ कोतवाली कालपी में अभियोग दर्ज कराया गया है। आरोप है कि विद्यार्थियों व विद्यालय के कर्मचारियों के साथ समर कैंप पर गई हुई थी। समर कैंप से वापस आने पर घर नहीं पहुंची। परिजनों को संदेह है कि कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भाग ले गया। उक्त मामले को लेकर वादी निवासी मोहल्ला सदर बाजार कालपी ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थी की पुत्री जिसकी उम्र लगभग 22 वर्ष है। कालपी नगर में स्थित एक निजी विधालय में कार्यरत है। विद्यालय से दिनांक 23 मार्च 2026 को समर कैंप का समापन दिवस था। पुत्री ने फोन पर सूचना दी की आज वह दो से ढाई बजे तक घर आ जाएगी। किंतु अभी तक घर वापस लौट कर नहीं आई है। पुत्री का मोबाइल फोन बराबर स्विच ऑफ आ रहा है। विद्यालय स्टाफ से पूछने पर पता चला कि वह 1.20 मिनट पर विद्यालय से निकल गई थी। प्रार्थी को संदेह है कि कोई अज्ञात व्यक्ति पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।इस मामले की बिबेचना पुलिस के द्वारा शुरू कर दी गई है

# पुलिस ने फिर 5 लीटर अवैध शराब के साथ दबोच लिया युवक को

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई**। स्थानीय नगर में 5 लीटर कच्ची शराब लेकर एक व्यक्ति को टरनंनगंज पुलिस चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र टीम के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र, हमराही अभिषेक कुमार वांछित अपराधी की तलाश में भ्रमणशील थे। जैसे ही पुलिसकर्मी अपनी मोटरसाइकिल से मुन्ना फुलपावर चौराहे पर पहुंचे तभी मुखबिर से सूचना मिली की कि एक व्यक्ति आलमपुर बाईपास वन विभाग गेट के पास रास्ते पर अपने हाथ में लिए एक प्लास्टिक की पिपिया जिसमें कच्ची शराब है कहीं बेचने के लिए जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम जैसे ही आलमपुर से वन विभाग से करीब 30 मीटर पहले पहुंची कि सामने से एक व्यक्ति अपने दाहिने हाथ में प्लास्टिक की पिपिया लिए आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने आलमपुर वन विभाग के गेट के पास रास्ते पर आता हुआ दिखाई दिया। कि पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी कौशल पुत्र स्वर्गीय नाथू निवासी मोहल्ला मनीगंज कस्बा कालपी को पकड़ लिया। पुलिस ने 5 लीटर कच्ची देसी शराब समेत युवक को पकड़ कर जुर्म धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत चालान कर दिया।

# बिजली कर्मचारी को धमकाने पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई**। तहसील कालपी के थाना आटा में बिधुत विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को अज्ञात नंबरों से गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उक्त मामले को लेकर वादी रवि सविता ( विधुत सब स्टेशन अधिकारी ) 33/11 आटा पर तैनात है। प्रार्थी को कई दिनों से अज्ञात नंबरों से गाली गलौज बाद जान से मारने की धमकी दी गई है। बाद में जानकारी से ज्ञात हुआ कि आरोपी का नाम दिव्यांशु निवासी पांडेपुर है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बिबेचना शुरू कर दी गई है।

# गगोरन में हेडपंप हो गया खराब, ग्रामीणों को बूंद बूंद पेयजल के लाले

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )**। डकोर विकास खंड के ग्राम गोरन में सचिव की बड़ी लापरवाही सामने आई है। ग्राम गोरन के वार्ड नंबर 1 में शंकर राजपूत पुत्र श्री कल्लू राजपूत के मकान के सामने लगा सरकारी हेडपंप पिछले 15 दिनों से खराब पड़ा हुआ है। भीषण गर्मी में पूरे मोहल्ले के लोग पानी की भारी समस्या से जूझ रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद भी अभी तक हेडपंप सही नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि सचिव से फोन पर बात हुई थी, जिसमें एक सप्ताह के अंदर हेडपंप ठीक कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन 15 दिन से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। इतना ही नहीं, ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन्होंने व्हाट्सएप पर हेडपंप सही कराने के लिए संदेश भेजा तो सचिव साहिबा द्वारा 'फालतू के मैसेज न करें' जैसी बात कही गई। इससे ग्रामीणों में काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर ग्रामीणों की मूलभूत समस्या की जिम्मेदारी कौन लेगा ? भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए आखिर कहां जाएं ? ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द हेडपंप सही कराया जाए और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# उरई में भी खुल गया मैरिज ब्यूरो

**विजय चौधरी की पत्नी यशोधरा चौधरी ने काटा फीता**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। शहर के चुर्खी रोड स्थित ओडीओ कार्यालय परिसर के पास 'मैरिज ब्यूरो उरई' का विधिवत शुभारंभ फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका परिषद उरई के अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद उरई की अध्यक्ष श्रीमती गिरजा चौधरी के प्रतिनिधि विजय चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती यशोधरा चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

मुख्य अतिथि ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया और संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक प्रयास लोगों को बेहतर मंच प्रदान करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने नवस्थापित मैरिज ब्यूरो के संचालन को समाज के हित में उपयोगी बताया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद अतिथियों का स्वागत किया गया तथा सभी का आभार व्यक्त किया गया।इस मौके पर प्रमुख रूप से मैरिज ब्यूरो के प्रोपराइटर भारत सिंह, राम आसरे, मणिदीपा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# कालपी हाईवे पर तेज रफ्तार डंपर का कहर, लोडर को मारी टक्कर; पलटने से लगा लंबा जाम

( यंग भारत न्यूज )



**उरई**। जिले के कालपी क्षेत्र में झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर शनिवार देर रात तेज रफ्तार डंपर ने एक लोडर वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा एचपी पेट्रोल पंप के सामने हुआ, जहां टक्कर इतनी भीषण थी कि लोडर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और सर्विस रोड पर पलट गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर काफी तेज गति में था। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहत की बात यह रही कि लोडर चालक की जान बच गई और उसे गंभीर चोटें नहीं आईं। दुर्घटना के चलते हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। सूचना मिलते ही टरननगंज चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से पलटे हुए लोडर को सड़क से हटवाया। इसके बाद यातायात को सुचारु कराया गया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण डंपर की तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# बुन्देलखण्ड में प्रतिभाओ की कोई कमी नही है-धर्मवीर प्रजापति

## प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का राज्यमंत्री ने टॉस कराकर किया शुभारंभ







( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** बुंदेलखंड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है बस उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शन के लिए अवसर मिलना चाहिए, और ग्रामीण युवाओं को यह अवसर माधोगढ़ विधायक ने क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार और सफल आयोजन कर दिया है। यह बात उप्र सरकार के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने शनिवार की रात टूर्नामेंट में बतौर अतिथि उपस्थित होकर कही।

तीतरा गांव स्थित एमएसडी महाविद्यालय के मैदान में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन द्वारा आयोजित कराए जा रहे माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार की रात अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मवीर प्रजापति उपस्थित हुए। आयोजन समिति प्रमुख आशु निरंजन,प्रदीप मास्टर धनौरा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने मंत्री का फूलमाला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। टूर्नामेंट आयोजन को लेकर मंत्री ने कहा कि भाजपा पार्टी ने गत समय पूर्व प्रदेश भर में खेलो इंडिया कार्यक्रम का आयोजन किया था, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं भी युवाओं के प्रोत्साहन हेतु खेलों को बढ़ावा देते हैं। मुख्यमंत्री के पदचिन्हों पर चलकर माधोगढ़ विधायक भी ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का काम कर रहे हैं जिसकी प्रशंसा निश्चित रूप से होगी। वहीं मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने क्रिकेट मैदान पर पहुंचकर लीग मैच खेल रही टीमों के मध्य टॉस कराया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं बधाई दी। मंत्री ने स्वयं भी दर्शक दीर्घा में करीब एक घंटे बैठकर मैच का आनंद उठाया।

कोंच शनिवार की रात फ्लड लाइट्स में खेले गए तीनों मैचों में खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन पर मौजूद हजारों दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। पहला मैच तीतरा इलेवन और खकसीस इलेवन के बीच खेला गया। तीतरा टीम के कप्तान पंकज यादव ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 7 विकेट खोकर 70 रन बनाए। जबाव में अतुल गुर्जर की कप्तानी वाली खकसीस टीम ने ताबड़तोड़ बैटिंग कर एक विकेट खोकर पांच ओवर पांच गेंदों में ही मैच जीत लिया। खकसीस टीम के आलराउंडर खिलाड़ी शेरा ने 28 रन बनाए और 2 विकेट लिए जिन्हें मेन ऑफ द मैच से पुरस्कृत किया गया। दूसरा मैच इलेवन स्टार बरोदा और तीतरा इलेवन टीम के मध्य हुआ। तीतरा टीम के कप्तान पंकज यादव ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 4 विकेट खोकर 96 रनों का बड़ा लक्ष्य दिया। जबाव में कप्तान पवन पटेल की बरोदा टीम 3 विकेट के पतन पर सिर्फ 69 रन ही बना सकी और टीम को हार का मुंह देखना पड़ा। तीतरा टीम के विस्फोटक बल्लेबाज अभिनंदन दीक्षित ने 44 रन बनाए साथ ही दो विकेट भी हासिल किए। अभिनंदन को मेन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच बजरंग इलेवन तारपुरा और खकसीस इलेवन टीम के बीच खेला गया। तारपुरा टीम के कप्तान सागर प्रजापति ने ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी चुनी। टीम ने 5 विकेट खोकर 95 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कप्तान अतुल गुर्जर की अगुवाई वाली खकसीस की टीम साढ़े सात ओवरों में ही 78 रनों पर ऑल आउट हो गई। तारपुरा टीम के धुरंधर बल्लेबाज रोहित रौरा ने सिर्फ 18 गेंदों में आतिशी बल्लेबाजी कर 48 रन बनाए और 4 विकेट भी चटकाए। रोहित को मेन ऑफ द मैच से पुरस्कृत किया गया। सूरज त्रिपाठी एवं शिशिर कुमार अंपायर रहे।कमेंट्री प्रदीप मास्टर धनौरा ने की।स्कोरर की भूमिका अभिजीत चौहान, राज ठाकुर एवं सोमेंद्र चमरसेना ने निभाई। मैच की ऑनलाइन लाइव की व्यवस्था में मानस मिश्रा, विमल और अर्पित शामिल रहे। वहीं पिच से लेकर मैदान की अन्य सारी व्यवस्थाओं में आयोजन समिति प्रमुख आशु निरंजन की अगुवाई में कमेटी के सदस्य आकाश निरंजन छानी, अंकित पटेल, आकाश, नेहरू, हिमांशु, पंकज, जीतू, राज आदि शामिल रहे।

# अमित शेखर कालपी के उपजिलाधिकारी बने, पदभार ग्रहण किया

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी -उरई।** माधौगढ़ के एसडीएम,(न्यायिक) अमित शेखर को कालपी के उप जिलाधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। नवांगतुक एसडीएम अमित शेखर के द्वारा ग्रहण कर विभागीय कर्मचारियों से परिचयात्मक मुलाकात की। विदित हो कि कालपी के उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह प्रोन्नति पाकर उन्नाव के सिटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।उनके उन्नाव के रिलीव होने के बाद अमित शेखर को कालपी का एसडीएम नियुक्त किया गया है।जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडेय के द्वारा दिनांक 23-05-2026 को जारी आदेश में नवांगतुक एसडीएम अमित शेखर को कालपी एसडीएम न्यायिक के रिक्त पद को सम्पादित करने की भी ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। बीती शाम को अमित शेखर के द्वारा कालपी एसडीएम का पदभार ग्रहण करने के दौरान तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार, राजस्व तथा विभागीय कर्मचारियों के द्वारा जोरदार स्वागत किया। नवांगतुक एसडीएम ने परिचयात्मक मुलाकात की।

# डीएम के आदेश के बाबजूद बन्दी के दिन बेधड़क तरीके से खुल रहा है बाजार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई कार्यालय।**, माधौगण कस्बा के बाजार में जिला अधिकारी राजेश कुमार पांडे के आदेश के बावजूद भी साप्ताहिक बंदी का कोई असर नहीं हो रहा है जिला अधिकारी के आदेशों की उढ़ाई जा रही है धज्जियां कस्बा निवासियों ने बताया कि प्रत्येक गुरुवार को कस्बा के बाजार में व दुकानों में साप्ताहिक बंदी की गई है लेकिन कुछ दबंग दुकानदार साप्ताहिक बंदी को न मानते हुए अपनी दुकान खोलते हैं और जिला अधिकारी राजेश कुमार पांडे के द्वारा किए गए आदेश जारी उनको भी नहीं मानते हैं और खुलेआम दुकान खोलते हैं जबकि इस संबंध में कोतवाल ने खुली हुई दुकानों पर छापेमारी भी की है और दुकानदारों को चेतावनी दी कहां की साप्ताहिक बंदी पर सभी दुकानदार जिला अधिकारी के आदेशों का पालन करें लेकिन फिर भी दुकानदार अपनी दबंगई पर तुले हुए हैं और साप्ताहिक बंदी का पालन नहीं करते हैं जो दुकानदार बंदी का पालन करते हैं और अपनी दुकान नहीं खोलते तो उनका कहना है की साप्ताहिक बंदी तो सभी के लिए है लेकिन कुछ दुकानदार अपनी मनमानी कर रहे हैं और साप्ताहिक बंदी होने के बावजूद भी दुकान खोल रहे हैं

# शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी के चलते खेत में सिंचाई के लिए रखे लगभग 70 पाइप जलकर हुए राख

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** ट्यूबबैल के ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी के चलते खेत में सिंचाई के लिए रखे लगभग 70 पाइप जलकर राख हो गए। आसपास पेड़ भी झुलस गए। किसानों ने समर और बल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाया।

औरैया रोड पर कन्हैयालाल अग्रवाल इंटर कॉलेज के पास स्थित खेत में ट्यूबबैल रखा हुआ है। ट्यूबबैल के लिए वहां पास में ट्रांसफॉर्मर भी रखा हुआ है। रविवार की दोपहर करीब ढाई बजे ट्रांसफॉर्मर में हुए शॉर्ट सर्किट के चलते चिंगारी निकली। चिंगारी निकलने से वहीं पास में सिंचाई के लिए रखे प्रतापपुरा निवासी जगतनारायण के पाइपों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और लगभग 70 पाइप जलकर राख हो गए। आग ने आसपास के पेड़ों को भी अपनी चपेट में ले लिया जिसमें कई पेड़ झुलस गए। पास में रखी ट्रैक्टर की छतरी भी जल गई। आसपास खेतों में काम कर रहे किसान आग लगी देखकर दौड़कर वहां आए और पानी की बाल्टी और सबमर्सिबल पंप की लाइन से पानी डालकर लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित किसान जगतनारायण ने बताया कि आग लगने से उनको करीब एक से सवा लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना एसडीएम को दे दी है।

# मां बेटी के साथ मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** नगर के मोहल्ला हरीगंज में मां बेटी के साथ मार-पीट करने पर कोतवाली कालपी में 4 लोंगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस बिबेचना करने में जुट गई है। आरोप है कि कालपी में सरकारी अस्पताल से अपना इलाज करा कराने जा रही मां बेटी को आरोपियों ने रास्ते में रोक कर लात घूसो और बेल्टों की बौछार पिछले महीने भी की है गाली गलौज व जाति सूचक गाली गलौज तथा मारपीट परिवार है डर के साए में कभी भी हो सकती है अप्रिय घटना। उक्त मामले को लेकर प्रार्थनी शांति पुत्री आसाराम निवासी मोहल्ला हरीगंज थाना कोतवाली कालपी ने कोतवाली में अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 08.04.2026 को समय करीब 4:00 बजे प्रार्थनी एवं प्रार्थनी की मां घर पर थी तभी कालपी के कुछ लोग जिसमें आरोपी शिवम यादव और दाऊ पुत्र बलवान यादव निवासी मोहल्ला हरीगंज कालपी सौरभ, कामिल पठान जेसीबी लेकर आए और प्रार्थनी के मकान के बगल में बना नाला गिट्टी डालकर बंद करने लगे तो प्रार्थनी ने मना किया तभी आरोपी शिवम यादव ने प्रार्थनी को मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देने लगा व अश्लील इशारे करने लगा। तब प्रार्थिनी ने यह घटना अपनी मां ताराबाई से बताई तो आरोपी शिवम यादव व उसके साथी के द्वारा मेरे साथ अश्लील हरकत की गई तथा जाति सूचक गालियां देते हुए बोले तेरे बहुत दिमाग खराब है मेरी नजर तुझ पर कई दिनों से है जिस दिन अकेली मिलेगी उसी दिन तुझको गाड़ी में डालकर उठाकर ले जाएंगे प्रार्थना ने उक्त घटना की शिकायत तुरंत सूचना डायल 112 पुलिस को दी इससे पहले पुलिस आ पाती आरोपी व्यक्ति मौके से जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गई। प्रार्थिनी ने घटना की शिकायत लिखित रूप में थाना कोतवाली कालपी में दी लेकिन आरोपी लोगों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। घटना के करीब 1 माह बाद प्रार्थिनी व प्रार्थनी की मां ताराबाई सरकारी अस्पताल कालपी से घर वापस आ रही थी तभी पीछे से आरोपीगणों ने प्रार्थनी व प्रार्थना की मां के साथ लात घुसो व बेल्टों से मारने पीटने लगे और जाति सूचक गालियां देने लगे कहने लगे। कि उस दिन तो बच गई थी लेकिन आज नहीं बच पाओगी प्रार्थनी ने मौका पाकर चीखा चिल्लाया तो राहगीरों ने ललकारा तो आरोपी मौके से भाग गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर बिबेचना शुरू कर दी है।

# 4 अस्पतालों में आयोजित मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेलों में 132 मरीजों का हुआ उपचार, किया जागरूक

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी -उरई।** शासन की महात्वाकांक्षी योजना के तहत रविवार को कालपी, वावई, नियामतपुर तथा महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 162 मरीजों का उपचार करके स्वस्थ रहने का परामर्श दिया गया।

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 62 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें 38 पुरुष व 24 महिला मरीज शामिल रहे।इस दौरान शुगर के 6 टेस्ट किए जबकि बुखार तथा स्किन के 8-8 मरीजों की जांच की गयी। होम्योपैथी महिला चिकित्सक डॉ रंजना सिंह ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां देते हुये जागरूक किया।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में चिकित्साधिकारी डॉ शेख शहरयार, कर्मचारियों मनीष कुमार, कमलेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित मेले में 20 मरीजों का इलाज किया गया। सरकारी चिकित्सालय वावई में 42 तथा नियामतपुर चिकित्सालय में 22 मरीजों का इलाज हुआ। जबकि मेलो में कंडोम, टेबलेट तथा सामग्रियों का वितरण कर परिवार कल्याण कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता ने बताया कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी लूं, लपट में सभी लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

# युवती से मारपीट करने में दो युवतियों समेत तीन पर मामला दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** एक युवती के साथ गाली गलौच कर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो युवतियों समेत तीन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मालवीय नगर निवासी युवती स्नेहा अग्रवाल पुत्री महेश ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि 21 मई की शाम कांशीराम कालोनी निवासी शिवानी खान और गांधीनगर निवासी उपासना कश्यप ने उसके घर में घुसकर गाली गलौज कर उसके व मां के साथ मारपीट की।शिकायतकर्ता ने बताया अगले रोज 22 मई को वह उरई से वापस कोंच लौट रही थी तभी कोंच बस स्टैंड पर उक्त दोनों युवतियों व सुभाष नगर निवासी रामराजा ने गाली गलौज कर उसके साथ फिर से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले में पुलिस ने उपरोक्त तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक के साथ की मारपीट

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक के साथ अभद्रता करते हुए पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गणेशजी निवासी अर्पण ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले का ही युवक राजा उससे रंजिश मानता है। अक्सर उसके साथ विवाद करता रहता है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि शनिवार की शाम वह अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी राजा वहां आया और उसके साथ गाली, गलौज करने लगा। जब उसने गाली देने से मना किया तो उसने पिटाई शुरू कर दी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग बचाने के लिए तो आइंदा जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित की तहरीर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राणा की प्रतिमा स्थल को महाराणा प्रताप तिराहा घोषित कराने की करणी सेना ने उठाई मांग

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ ( जालौन )** तहसील तिराहा के पास बने तिराहे पर वीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा बनी हुई है। नगर में स्थित महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा के सामने स्थित तिराहा नगर का प्रमुख स्थान है। जहां पर प्रतिदिन बडी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। वर्तमान समय में इस तिराहा का नाम आधिकारिक रूप से अंकित नहीं है। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिला मंत्री विक्रांत सिंह राजावत ने साथियों के साथ उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य से मांग की है कि उक्त तिराहा का नाम महाराणा प्रताप तिराहा घोषित करते हुए वहां एक बडा एवं आकर्षक नाम पटट स्थापित कराया जाए ताकि आमजनमानस को महाराणा प्रताप जी के त्याग शौर्य एवं पराक्रम की प्रेरणा मिलती रहे तथा राणा के प्रति सम्मान व्यक्त किया जा सके जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। इस मौके पर अमन तोमर जिला उपाध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह ( शिवा कैलोर )नगर अध्यक्ष माधौगढ ध्रुव तोमर शिवा कुशवाह सूरज नगर उपाध्यक्ष सहित अन्य लोगों की मौजूदगी रही है।

# रामपुरा के भैरव मंदिर पर प्रत्येक रविवार को होता है विशाल भंडारा

## श्रद्धालुओं की होती है भारी भीड़ भैरव मंदिर बना आस्था का केंद्र,

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगण जालौन**, विकासखंड रामपुरा के भैरव बाबा के मंदिर पर प्रत्येक रविवार को किया जाता है विशाल भंडारा श्रद्धालु की होती है भारी भीड़, प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर के भैरव मंदिर पर श्रद्धालुओं के द्वारा प्रत्येक रविवार को विशाल भंडारा किया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भैरव बाबा के स्थान पर आकर भंडारे की प्रशादी ग्रहण करते हैं भैरव बाबा की मंदिर पर प्रत्येक रविवार को भैरव बाबा के मंदिर पर पहुंचकर भक्ति भंडारे में अपना तन मन धन से सहयोग करते हैं सहयोगी भक्त मुन्ना पुरवार, मोनू शर्मा पत्रकार, बाबा अघोरी, चिरसोलिया महाराज, प्रहलाद,मजबूत सिंह, भीकम सिंह,बाबा साई,भगवती शरण दूरबार,सोनू शर्मा आदि भक्तों के द्वारा भैरव बाबा के मंदिर पर दान दिया जाता है जिससे विशाल भंडारा किया जाता है भैरव बाबा के मंदिर पर उपस्थित भक्तों ने बताया कि जो भी भक्त सच्ची श्रद्धा से बाबा के दरबार में आता है तो बाबा उसकी हर मनोकामना पूर्ण करते हैं और जिन भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो जाती है वह भक्त रविवार के दिन भैरव बाबा के स्थान पर भंडारा करते हैं भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु आकर भंडारा ग्रहण करते हैं भैरव बाबा का स्थान क्षेत्र में आस्था का केंद्र बना हुआ है

# पालिका व पुलिस के सैकड़ा भर कर्मचारियों ने अभियान चलाकर जेसीबी से ध्वस्त किया अतिक्रमण

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी -उरई।** साप्ताहिक बाजार बंदी होने के वावजूद रविवार को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में लगातार दूसरे दिन बाजारों में अतिक्रमण के खिलाफ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। दूसरे दिन पालिका बाजार,फुलपावर चौराहे,जुलैहटी मार्केट कालपी में कर्मचारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की बढ़ी कार्यवाही की गयी ।बताया जाता है कि सरकारी सड़कों के किनारे अतिक्रमण फैला हुआ है। दूसरे दिन पालिका कर्मचारियों के द्वारा अतिक्रमण को हटाने के लिए कार्रवाई की गई है। अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर पालिका के अवर अभियंता प्रवीण कुमार मौर्य, राजस्व निरीक्षक अजीत कुमार सिंह यादव, कर्मचारी तथा पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा। नगर पालिका के द्वारा चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। टरनंनगंज बाजार, फुल पावर चौराहा, तथा जुलैहटी मार्केट में जेसीबी मशीन गरजती रही ?। जुलैहटी मार्केट में दुकानदारों ने अपने अवैध अतिक्रमण को अपने हाथों से ही हटा लिये। इसमें मुख्य रूप से नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला,नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के मुताबिक आगामी दिनों में भी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि नाली के बाहर तक जिसका जो भी अतिक्रमण फैला है उसको हटाया जायेगा। सरकारी जमीन में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगा।

# अवैध संबंध में बाधा बन रहा था पति, छोटी बहन संग पत्नी ने दी खौफनाक मौत

## बीएफ ने भी दिया साथ

( यंग भारत न्यूज )

**मुरादाबाद।** प्रदेश के मुरादाबाद से एक दिल दहलाने वाली वारदात हुई है. यहां एक युवक की बड़ी बेरहमी से हत्या उसकी खुद की पत्नी ने अपने बॉयफ्रेंड और छोटी बहन के साथ मिलकर की है. आरोपियों ने पहले उसे घर में बंधक बनाया, फिर बिजली के करंट लगाए और आखिर में जहर देकर जान ले ली.

वारदात मुरादाबाद में मझोला थाना क्षेत्र के कुंदनपुर का है. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. मृत युवक की पहचान कुंदनपुर में रहने वाले पवन कुमार ठाकुर (30) के रूप में हुई है. वह एक निजी कंपनी में नौकरी कर अपने परिवार का पेट पालता था. पुलिस के मुताबिक पवन की पत्नी और साली ने अपने प्रेमियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया और फिर इसे वारदात को सुसाइड करार देने की कोशिश की. आरोपियों ने खुद ही फोनकर पवन के घर वालों को सूचना भी दी. पुलिस भी पहले मामले को सुसाइड ही मान रही थी, लेकिन शनिवार की शाम जब मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई तो पुलिस भी हैरान रह गई. इसमें पवन को बिजली के करंट देने और जहर के सेवन की पुष्टि हुई है. इस रिपोर्ट को देखने के बाद पुलिस ने आरोपी पत्नी आंचल, उसकी बहन शिखा और उनके दोनों प्रेमियों को हिरासत में ले लिया. शुरुआती पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया. इन्होंने वारदात की पूरी कहानी पुलिस के सामने बयां कर दी है. पुलिस के मुताबिक संभल जिले की रहने वाली आंचल की शादी छह साल पहले पवन के साथ हुई थी. उनकी एक दो साल की मासूम बेटी भी है. पहले पवन पहले अपने परिवार के साथ पैतृक गांव में रहता था. वहीं पर उसकी पत्नी आंचल के अवैध संबंध पवन के चचेरे भाई के बेटे अंकित के साथ हो गया. आंचल और अंकित आए दिन मिलने लगे. भनक लगी तो पवन पत्नी को लेकर यहां कुंदनपुर में रहने लगा. उधर, आंचल की बहन शिखा के भी अवैध संबंध जयंतलपुर निवासी अजय दिवाकर से थे. पुलिस के मुताबिक शिखा भी पवन के साथ ही रहती थी. जैसे ही पवन काम पर निकलता, शिखा और आंचल अपने-अपने प्रेमियों को घर में बुला लेती थीं. जानकारी होने पर पवन ने इसका विरोध किया तो आंचल और शिखा ने अपने-अपने प्रेमियों के साथ मिलकर पवन को रास्ते से हटाने की योजना बनाई. वहीं शुक्रवार की शाम जब पवन काम से लौटा तो आंचल ने जानबूझकर झगड़ा किया और इसी झगड़े में आंचल और शिखा ने अपने प्रेमियों के साथ मिलकर बड़ी बेरहमी से उसका कत्ल कर दिया. आंचल और शिखा ने पहले पवन को रस्सी से बांधकर डाल दिया. इसके बाद फोन कर अपने प्रेमियों अंकित और अजय को बुला लिया. फिर चारों ने मिलकर पवन को बिजली के करंट लगाए. इसी दौरान जबरन उसके मुंह में जहर डाल दिया. पुलिस की पूछताछ में चारों आरोपियों ने बताया कि पवन की तड़प-तड़प कर मौत हो गई. इसके बाद आरोपियों ने इसे सुसाइड करार देने के लिए नाटक रच डाली.




# 16 हजार और 10 साड़ी में मां ने मासूम बेटी को बेचा

**- खरीददार ने 4 महीनें तक बंधक बनाकर की हैवानियत, मदद के बहाने ऑटो चालक ने भी.**

( यंग भारत न्यूज )

सारनाथ थाना पुलिस ने शनिवार को एक दिल दहला देने वाले मामले का खुलासा करते हुए मानव तस्करी और दुष्कर्म के आरोप में पीड़िता की मां सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला जनवरी 2026 का है। बिहार के अरवल की रहने वाली एक महिला ने चंदौली के बलुआ (हरधन) निवासी लहरू यादव उर्फ राकेश को अपनी 12 साल की मासूम बेटी महज 16 हजार रुपये और 10 साड़ियों के लालच में बेच दी थी। लहरू ने अपनी जमीन बेचकर मिले 17 लाख रुपये में से यह रकम चुकाई थी। वह खुद को कम उम्र का दिखाने के लिए दिल्ली जाकर 90 हजार रुपये में हेयर ट्रांसप्लांट भी करा चुका था। उसने दिखावे के लिए एक मंदिर में बच्ची से शादी की और चार महीने तक उसे बंधक बनाकर दुष्कर्म करता रहा।

19 मई को आरोपी लहरू बच्ची को बनारस के मंडुवाडीह रेलवे स्टेशन पर छोड़कर भाग गया। वहां बच्ची को अकेला पाकर झारखंड निवासी ऑटो चालक रवि वर्मा ने मदद के बहाने उसे बहलाया और पहाड़िया स्थित अपने कमरे पर ले गया। रवि ने भी सारनाथ के एक तालाब के पास और अपने घर पर बच्ची से दुष्कर्म किया और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। ऑटो चालक के घर में संदिग्ध रूप से बच्ची को देखकर स्थानीय लोगों को शक हुआ, जिसकी सूचना तुरंत सारनाथ पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को मुक्त कराया। पूछताछ में पूरे मामले का पर्दाफाश हुआ। सारनाथ थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी और एसआई जितेंद्र पाल सिंह के मुताबिक, पीड़िता की तहरीर पर 21 मई को ही दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और मानव तस्करी की धाराओं में केस दर्ज किया गया था। शनिवार को पुलिस ने फरीदपुर अंडरपास और सारनाथ स्टेशन के पास से आरोपी मां, लहरू यादव और ऑटो चालक रवि वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# गजब! ऐसी युवतियों के 'खाते' में भी पहुंचा दिए गए 30-30 हजार, जिनका दुनिया में ही अस्तित्व नहीं

**मेरठ।** तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शेषनाथ पांडेय द्वारा छात्रवृत्ति में किए गए घोटाले की एक और परत खुली है। उन्होंने मदरसों के छात्रों की संख्या में हेराफेरी के साथ-साथ अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों की छात्रवृत्ति बहुसंख्यक समुदाय के छात्रों को भी बांट दी।

खास बात यह है कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कार्यालय के रिकार्ड में अल्पसंख्यक छात्रों के नाम दर्शाए गए हैं। छात्रवृत्ति मामले की जांच कर रहे कमिश्नर भानु चंद गोस्वामी ने 24 अप्रैल को शेषनाथ पांडेय को दोषी मानते हुए रिपोर्ट शासन को भेजी है। अब आगे की कार्रवाई शासन तय करेगा। विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री एवं शिकायतकर्ता विनोद कुमार ने बताया कि उनकी शिकायत पर शासन स्तर से कमिश्नर मेरठ को अलग से जांच के आदेश दिए थे। कमिश्नर की जांच में सामने आया कि तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शेषनाथ पांडेय ने अल्पसंख्यक छात्रों को छात्रवृत्ति बांटने के लिए शासन से बजट मंगाया, लेकिन छात्रवृत्ति की धनराशि बहुसंख्यक छात्रों के खातों में भेज दी। जांच कमेटी ने बैंक में संपर्क किया तो पता चला कि अंकित शर्मा, दिवाकर पांडेय, कपिल गिरी, विभोर गुप्ता, आकाश जसवाल, नेहा गोयल नाम से खुले खातों में 30-30 हजार भेजे गए हैं। सपा सरकार में शुरू हुई 'हमारी बेटी-उसका कल' योजना के तहत अल्पसंख्यक परिवारों की कक्षा 10 पास बेटियों को आगे की पढ़ाई या शादी के लिए 30 हजार रुपये अनुदान मिला करता था। आर्थिक अपराध शाखा की जांच में सामने आया है कि इस योजना के तहत ऐसी हिंदू युवतियों के खाते खुलवाए गए, जिनका अस्तित्व ही नहीं है। इन खातों में 52 लाख रुपये भेजे गए। छात्रवृत्ति का पूरा घोटाला लगभग सामने आ चुका है। हमारी बेटी-उसका कल योजना में हुए फर्जीवाड़ा के दस्तावेज जुटाकर इनका अवलोकन किया जा रहा है। जितेंद्र कालरा, सीओ, आर्थिक अपराध शाखा व जांच अधिकारी

इन खातों में भेजी गई छात्रवृत्ति की रकम

खाताधारक खाता संख्या

आकाश जसवाल 000354802010051385 (पीएनबी)

अंकित शर्मा 000354802010051438

दिवाकर पांडेय 000354802010052597

कपिल गिरि 2533001500036271 (यूनियन बैंक)

विभोर गुप्ता 2533001500032619

नेहा गोयल 2533001500036174

नोट : सभी खातों में 30-30 हजार रुपये भेजे गए।




# दोषी है तो भी घर नहीं गिराया जा सकता, सुप्रीमकोर्ट ने दिखाई सख्ती तो योगी सरकार ने क्या दिया जवाब'

( यंग भारत न्यूज )

राज्यों में प्रशासन द्वारा आरोपियों के घर पर बुल्डोजर चलाए जाने पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया। कोर्ट का सवाल था कि कानून में तय प्रक्रिया का पालन किये बगैर किसी का घर कैसे ढहाया जा सकता है। सिर्फ किसी के अभियुक्त होने पर उसका घर कैसे ढहाया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने बगैर नोटिस के आरोपियों के घर ढहाने की शिकायत पर कहा कि अगर वह दोषी भी है तो भी कानून में तय प्रक्रिया के बगैर उसका घर नहीं ढहाया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी करने का संकेत देते हुए सभी पक्षकारों से सुझाव मांगे हैं।

हालांकि सुनवाई के दौरान कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह अवैध निर्माण को संरक्षण नहीं देंगे। वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश सरकार ने गैर कानूनी ढंग से निर्माण ढहाए जाने के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि कानून की तय प्रक्रिया के तहत ही कार्रवाई की जाती है। किसी अपराध में आरोपित होना कभी भी अचल संपत्ति के ध्वस्तीकरण का आधार नहीं हो सकता। मामले में 17 को फिर सुनवाई होगी। ये टिप्पणियां और निर्देश न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने जमीयत उलमा ए हिंद व अन्य की ओर से दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिए। जमीयत ने याचिका में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों में गैर कानूनी ढंग से आरोपियों के घर पर बुल्डोजर चलाए जाने के आरोप लगाए हैं। याचिका में कहा है कि विभिन्न राज्यों में बुल्डोजर इंसाफ का खतरनाक चलन बढ़ा है। इसमें समुदाय विशेष को और वंचित वर्ग को निशाना बनाया जा रहा है। जमीयत की ओर से वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे और फारुख रशीद पेश हुए, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बहस की। सोमवार को जब मामला सुनवाई पर आया तो उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि प्रदेश सरकार ने इस मामले में गत नौ अगस्त को ही हलफनामा दाखिल कर दिया था और उस हलफनामे में राज्य सरकार ने कहा है कि अगर कोई व्यक्ति किसी अपराध में आरोपी है तो उसका घर ढहाए जाने का यह आधार कतई नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि कोई भी अचल संपत्ति सिर्फ, इस आधार पर नहीं ढहाई जा सकती कि व्यक्ति किसी अपराध में आरोपी है। मेहता ने कहा कि अचल संपत्ति म्युनिसिपल अधिनियम और विकास प्राधिकरणों के अधिनियम के उल्लंघन पर कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए ही ढहाई जाती है। पीठ ने मेहता से कहा कि अगर आप ये स्थिति स्वीकार कर रहे हैं तो अच्छी बात है। कोर्ट आपका बयान दर्ज करके पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी करेगा। मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ता इस तरह से मामले को पेश कर रहे हैं, जैसे कि कोई किसी अपराध में आरोपी होता है तो उसका मकान ढहा दिया जाता है, जबकि यह सही नहीं है। वह दिखा सकते हैं। अथॉरिटीज ने मकान ढहाए जाने से बहुत पहले नोटिस जारी किया था। निर्माण अवैध होने पर ही ढहाया जाता है। पीठ ने भी स्पष्ट किया कि वह किसी अवैध निर्माण या सड़क पर अतिक्रमण को संरक्षित नहीं करेंगे, लेकिन इस संबंध में दिशा-निर्देश होने चाहिए। जस्टिस गवई ने कहा कि किसी का घर सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है कि वह आरोपी है। अगर वह दोषी भी है तो भी उसका घर नहीं गिराया जा सकता। जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि अवैध निर्माण पर भी कानून के मुताबिक ही कार्रवाई हो सकती है। मेहता ने कहा कि इस मामले में जिनके घर ढहे हैं, यहां याचिका जमीयत ने दाखिल की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का हलफनामा देखते हुए कोर्ट को यह मामला बंद कर देना चाहिए, लेकिन याचिकाकर्ता जमीयत की ओर से पेश वकील दुष्यंत दवे ने कोर्ट से इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया। दुष्यंत दवे ने कहा कि यह मामला सिर्फ एक जगह का नहीं है, यह व्यापक मुद्दा है और कोर्ट को इस पर सुनवाई करके दिशा-निर्देश तय करने चाहिए। जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि यह सुनिश्चत करना जरूरी है कि कोई भी कमियों का फायदा न उठा पाए।



# बेटे को शक था की पिता का पत्नी से है अवैध संबंध, उसने दोनों की मार दी गोली! बुलंदशहर में नहीं बच सकी रियाजुद्दीन और सना की जान

( यंग भारत न्यूज )

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां अवैध संबंधों के शक में एक बेटे ने अपनी पत्नी और सगे पिता को गोली मार दी. इस घटना में पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पत्नी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया.घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस मौके पर पहुंच गई.

जानकारी के अनुसार आरोपी ने अपने पिता रियाजुद्दीन और पत्नी सना को गोली मार दी. गोली लगने से रियाजुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल सना को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई.

घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की. पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. वहीं आरोपी बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. यह पूरा मामला खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र के कलंदरगढ़ी गांव का बताया जा रहा है. एसएसपी बुलंदशहर दिनेश कुमार सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र के कलंदरगढ़ी गांव में आज एक घटना हुई है. मोमीन नाम के एक व्यक्ति ने अपने पिता रियाजुद्दीन और अपनी पत्नी सना पर अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से गोली चला दी. इस घटना में रियाजुद्दीन की मौके पर ही घर में मौत हो गई, जिसके बाद पत्नी सना को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया था. पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है.



# नाम बदलकर लड़की को मसूरी घूमाने ले जा रहा था, लोगों ने मुंह काला किया और चूड़ियां पहनाईं

( यंग भारत न्यूज )

नाम बदलकर देहरादून की एक लड़की को घुमाने ले जाना शादीशुदा मुस्लिम युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि युवक ने नाम बदलकर युवती से दोस्ती की और उससे मिलने देहरादून पहुंचा था। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने युवक को पकड़कर मुंह पर कालिख पोत दी और हाथों में चूड़ी भी पहना दी लोगों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

पुलिस के अनुसार, घटना 19 मई की है। एक युवक और युवती देहरादून से बाइक से मसूरी की ओर जा रहे थे। इस दौरान किसी ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना दी कि युवक दूसरे समुदाय का है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं, स्थानीय लोगों ने दोनों को कुठालगेट के पास रोक दिया। कार्यकर्ताओं ने युवक से नाम पूछा तो उसने अपना नाम पहले सागर बताया। कार्यकर्ताओं ने युवक से आधार कार्ड या अन्य दस्तावेज दिखाने को कहा। दस्तावेजों में उसका नाम सरफराज निकला। युवती ने खुद को देहरादून निवासी बताया। युवक का असली नाम सरफराज होना युवती को भी पता नहीं था। युवती ने अपने भाई को मौके पर बुला लिया। युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर काफी हंगामा किया। इस दौरान कुछ लोगों ने युवक के मुंह पर कालिख पोत दी और चूड़ियां पहना दी। लोगों ने युवक के घर पर फोन किया तो पता चला कि उसकी एक साल पहले ही शादी हो चुकी थी। कुठालगेट चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि मामले में युवती की तहरीर पर आरोपी सरफराज निवासी लखीमपुर खीरी यूपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बजरंग दल के जिलाध्यक्ष अमन स्वेडिया ने बताया कि नाम बदलकर युवती को ले जा रहे युवक की तलाशी लेने पर उसके पास आपत्तिजनक सामग्री भी थी। लखीमपुर का रहने वाला सरफराज, सागर वर्मा बनकर युवती से बात कर रहा था। उसने अपने घरवालों को बताया था कि वह गाड़ी के कागजात के काम से लखनऊ जा रहा है, लेकिन वह युवती को बहला-फुसलाकर मसूरी ले जा रहा था। रास्ते में बातचीत के दौरान युवती को उसके दूसरे समुदाय से होने की जानकारी मिली, जिसके बाद उसने अपने भाई को फोन किया। भाई की सूचना पर बजरंग दल कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और युवक को राजपुर पुलिस के हवाले कर दिया।



# ससुर ने किया प्रेग्नेंट! नाबालिग था पति तो बहू ने रचाई उसी के बाप से शादी; सिर पीटता रह गया युवक

( यंग भारत न्यूज )

वैसे तो आपने देवर-भाभी और जीजा-साली के किस्से बहुत सुने होंगे लेकिन आअज हम जो आपको बताने वाले हैं वो सच में हैरान कर देने वाला है. दरअसल, ससुर और बहू के रिश्तो को लेकर कई ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जो काफी हैरान कर देने वाले हैं.

ऐसा ही एक ममला उत्तर प्रदेश से सामने आया है. दरअसल, यहां एक ससुर ने अपने ही बेटे की पत्नी से शादी कर ली, और इस बात की किसी को कानों-कान खबर तक नहीं हुई. शादी से ठीक चार साल पहले, उन दोनों के बीच ससुर और बहू का रिश्ता था लेकिन अब वो ससुर-बहू नहीं रहे थे. अब वो पति-पत्नी बन चुके थे. लेकिन, पूर्व पति की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इस जोड़े को हिरासत में ले लिया था. लेकिन, जब इस जोड़े ने अदालत में अपने शादी के रजिस्ट्रेशन के दस्तावेज़ पेश किए, तो पुलिस को उन्हें रिहा करना पड़ा. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि यह घटना उत्तर प्रदेश के बदायूँ ज़िले के डबतौरी पुलिस चौकी क्षेत्र में हुई. हुआ कुछ यूँ कि कुछ समय पहले, इस इलाके के एक युवक ने बिसाउली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. उसने बताया कि उसने 2016 में वज़ीरगंज इलाके की एक युवती से शादी की थी. यह जोड़ा एक साल तक साथ रहा. अगले ही साल, उसकी पत्नी उसके पिता के साथ चली गई. युवक ने इस बात की जानकारी दी कि वो तब से ही उन दोनों को ढूँढ़ रहा था. लेकिन, कई साल बाद उसे पता चला कि वो दोनों चंदौसी में साथ रह रहे हैं. इतना ही नहीं बल्कि पता चलने के बाद, उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई; इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसके पिता और उसकी पत्नी को हिरासत में ले लिया. पुलिस की पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि पत्नी अपने पूर्व पति से परेशान थी. उनकी शादी के समय, उसका पति नाबालिग था. वो अपनी मर्ज़ी से अपने ससुर के साथ चली गई थी. इतना ही नहीं बल्कि उसने आगे बताया कि उन्होंने कोर्ट मैरिज की थी और अब उसके ससुर से उसका एक दो साल का बेटा भी है. जी हाँ! अब वो दोनों अपनी ज़िंदगी से खुश हैं. महिला ने बताया कि गाँव में बदनामी और सामाजिक कलंक के डर से, वो वहाँ से निकलकर चंदौसी में बस गए थे. रिपोर्टों के अनुसार, वो युवक (पूर्व पति) दिहाड़ी मज़दूर के तौर पर काम करता है और अनपढ़ है. नतीजतन, यह घटना पूरे इलाके में चर्चा का एक बड़ा विषय बन गई है; लोग इस बात पर टिप्पणी कर रहे हैं कि कैसे पति-पत्नी का रिश्ता अब माँ और बेटे के रिश्ते में बदल गया है.



# बढ़ते तापमान और जल संकट पर चिंतित हुईं जल सहेलियां, बुंदेलखंड को 'हॉट आइलैंड' बनने से बचाने पर मंथन

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** बुंदेलखंड में लगातार बढ़ते तापमान और कई इलाकों के धीरे-धीरे 'हॉट आइलैंड' में बदलने की स्थिति को लेकर झांसी में विभिन्न जिलों की जल सहेलियां एकत्र हुईं। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती गर्मी, जल संकट, प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण और उनके संभावित समाधान पर विस्तार से चर्चा की।



वीरांगना सभागार में आयोजित इस बैठक में झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, छतरपुर, टीकमगढ़ सहित अन्य जिलों की जल सहेलियों ने भाग लिया। बैठक में जल सहेलियों ने कहा कि यदि बुंदेलखंड में इसी तरह तापमान लगातार बढ़ता रहा तो आने वाले समय में यह एक गंभीर आपदा का रूप ले सकता है। जल सहेलियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं साझा करते हुए बताया कि कई स्थानों पर अभी भी जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। कई गांवों में केवल कुछ मोहल्लों तक ही पानी पहुंच रहा है जबकि कुछ क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर बनी हुई है। पानी की अनुपलब्धता का सबसे अधिक असर महिलाओं पर पड़ रहा है क्योंकि पानी की व्यवस्था की अतिरिक्त जिम्मेदारी उनके ऊपर आ रही है। उन्होंने कहा कि बढ़ते जल संकट और सूखते जल स्रोतों के बीच जल जीवन मिशन की योजनाओं को प्रभावी रूप से जमीन पर उतारने के लिए सरकार को जल सहेलियों के साथ संवाद बढ़ाना चाहिए तथा सामुदायिक स्तर पर साझेदारी को मजबूत करना चाहिए। इस अवसर पर जल सहेली फाउंडेशन के संस्थापक संजय सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन के दूसरे चरण का उद्देश्य समुदाय की भागीदारी बढ़ाना, पंचायतों को सक्रिय बनाना तथा रखरखाव व्यवस्था को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहयोग के बिना यह कार्य संभव नहीं है और जल सहेलियां इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम में मौजूद प्रख्यात सिने अभिनेता अरिफ शेटोली ने जल सहेलियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दूर-दराज क्षेत्रों से आकर सामूहिक प्रयासों में भाग लेने की इनकी प्रतिबद्धता समाज के लिए प्रेरणादायक है। जल सहेली फाउंडेशन की संध्या शर्मा ने कहा कि एक तरफ जल संकट लगातार बढ़ रहा है तो दूसरी ओर जल सहेलियों की जिम्मेदारियां भी बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान में पुरुषों की भागीदारी भी जरूरी है तथा ग्राम स्तर पर VWSC (Village Water and Sanitation Committee) को अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता है। बैठक के दौरान कई जल सहेलियों ने क्षेत्रीय समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। जल सहेली संगठन की संयोजक अन्तिम जहा ने कहा कि छोटी नदियों पर अतिक्रमण और जंगलों की कटाई के कारण क्षेत्र में तापमान बढ़ रहा है। हमीरपुर की जल सहेली राजकुमारी ने बेतवा नदी क्षेत्र में हो रहे खनन को जल संकट का कारण बताया, जबकि महोबा की जल सहेली भारती ने पहाड़ों के लगातार टूटने से बढ़ती गर्मी पर चिंता व्यक्त की। जालौन की जल सहेली माया ने यमुना संरक्षण के लिए हाल ही में की गई 500 किलोमीटर की पदयात्रा का उल्लेख करते हुए सरकार से नदी संरक्षण के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। कार्यक्रम के अंत में जल सहेलियों ने संकल्प लिया कि वे गांव-गांव में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान चलाएंगी। साथ ही भविष्य में बुंदेलखंड में महिलाओं के नेतृत्व में जल एवं सिंचाई संसाधनों के प्रबंधन हेतु एक महिला इरिगेशन कोऑपरेटिव स्थापित करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा।

# रामचरित मानस सिखाती है जीवन जीने की कला : पं ब्रजेश त्रिपाठी

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** ग्राम भस्नेह के माधौपुरा स्थित शिवालय सरकार पर विष्णु महायज्ञ में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन राष्ट्रीय कथा वाचक पं ब्रजेश त्रिपाठी शास्त्री ने कहा कि जीवन मे तीन ग्रंथ महत्व पूर्ण है,जिनमें श्री राम चरित मानस जीवन जीने की कला सिखाती है।



उन्होंने कहा कि भगवान का नाम किसी भी रूप से लिया जाए कल्याण ही करता है।अजामिल के प्रसंग में उन्होंने भगवान के नाम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि धोखे से भी नारायण नाम लेने से उसका उद्धार हो गया। भागवत कथा में ऑर्गन पर बीरेन्द्र सिंह,तबले पर धर्मेंद्र कौशिक,पैड पर नीलू एवं आनंद ने संगत की। यज्ञाचार्य पं गणेश दत्त शास्त्री के संयोजन में वैदिक पंडित देवेंद्र शास्त्री,हृदेश कटारे,सुदीप पटेरिया,आनंद स्वरूप दुवे एवं सतीश मिश्रा के द्वारा विधि विधान से यज्ञ का शुभारंभ हुआ।यज्ञ का पूजन मुख्य यजमान राजू सिंह परमार एवं सहयोगी यजमानों द्वारा किया गया।भागवत का मूल पाठ आचार्य हरेंद्र गौतम ने किया। भागवत की आरती परीक्षित श्रीमती रेखा अखिलेश कनकने ने की। इस दौरान भारतेंदु बुंदेला सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# दुख में सुमिरण सब करें सुख में करे न कोय : राधामोहनदास

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** ग्वालियर रोड सिविल लाइन स्थिति कुंजबिहारी मंदिर में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में चल रही श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय दिवस का प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास बुंदेलखण्ड धर्माचार्य महंत राधामोहन दास महाराज ने महर्षि नारद, भीष्म पितामह और कुंती चरित्र का विस्तार से वर्णन किया।उन्होंने कहा कि भगवान से जब भी कुछ मांगने का मौका मिले तो संसार की क्षणिक सुख देने वाली यश तथा आराम देने वाली वस्तुयें न मांगकर स्वयं भगवान को अर्थात उनकी भक्ति को मांगना चाहिए। माता कुंती भगवान कृष्ण से कहती है कि सुख से अच्छा तो दुख ही ठीक है क्योंकि दुख में उन्हें भगवान का स्मरण होता रहता है किंतु सुख में हम भगवान को भूल कर अपनी सांसारिक माया में ही खोये रहते हैं। 'दुख में सुमिरण सब करें सुख में करे न कोय, जो सुख में सुमिरण करे तो दुख काहे को होय' ।नारद जी के पूर्व जन्म की कथा एवं कर्दम ऋषि देहुति के विवाह संस्कार का वर्णन करते हुए उन्होंने भगवान कपिल मुनि के अवतार की कथा कही। वे कहते हैं कि जब प्राणी परमात्मा के प्रति समर्पण का भाव बना लेता है तो फिर उसके भीतर का अहंकार खत्म हो जाता है और उसे प्रभु की कृपा प्राप्त होने लगती है। प्रारंभ में आचार्य रामलखन उपाध्याय ने श्री गणेश पूजन,ग्रंथ पूजन एवं व्यास पीठ का पूजन कराया तदुपरांत परीक्षित श्रीमती ममता अजय अग्रवाल, श्रीमती पूनम रविंद्र मोहन अग्रवाल,श्रीमती गायत्री किशन लाल अग्रवाल, श्रीमती नीतू राकेश अग्रवाल, श्रीमती दीर्घा विजय अग्रवाल,पीहू, आदित्य, राघव,राधिका, समृद्धि, माधव आदि ने श्रीमद भागवत पुराण की आरती उतारी। अंत में व्यवस्थापक पवनदास ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ झांसी का हुआ गठन

## 3 जून को वर्ल्ड साइक्लिंग डे के उपलक्ष्य में साइकिल रैली का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )




**झांसी।** लोगों को साइकिल पर चलने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ झांसी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के जरिए लोगों को साइकिल का उपयोग करने से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं शारीरिक लाभ के बारे में जागरूक करेगी।

आगामी 3 जून को ' वर्ल्ड साइक्लिंग डे ' है जिसके उपलक्ष्य में साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ झांसी द्वारा एक साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है, इस रैली में स्कूली छात्र - छात्राओं, खिलाड़ियों, विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों/अधिकारियों के अलावा आमजन भाग लेंगे। यह जानकारी आज साइक्लिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में दी गई, एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि 'साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ झांसी ' का गठन इसी वर्ष किया गया है जिसका पंजीकरण कर लिया गया है एवं साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ' से संबद्ध होने के लिए प्रक्रिया चलायमान है। 3 जून को ' वर्ल्ड साइक्लिंग डे' के अवसर पर होने वाली साइकिल रैली नवनिर्मित एसोसिएशन का पहला कार्यक्रम है, इसके बाद एसोसिएशन द्वारा साइकिल के उपयोग को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, स्कूलों एवं कॉलेजों में जहां 18 साल से कम उम्र के बच्चे बाइक आदि से विद्यालय आते हैं उनको ट्रैफिक नियमों के आधार पर, अपनी एवं पर्यावरण की सुरक्षा हेतु तथा आर्थिक मितव्ययता हेतु साइकिल का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। 3 जून को होने वाली साइकिल रैली के संबंध और जानकारी देते हुए संस्था के सचिव एडवोकेट अनुराग मिश्रा ने बताया कि रैली में प्रतिभाग करने हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, रैली में प्रथम/द्वितीय आने के आधार पर पुरस्कृत नहीं किया जाएगा बल्कि रैली को पूरा करने वाले प्रतिभागी स्कूली बच्चों को लक्की ड्रॉ के माध्यम से पुरस्कारों के लिए चुना जाएगा। रैली का रूट लगभग 4 कि0मी0 का होगा। साइकिल रैली 3 जून 2026 को प्रात: 6 बजे ध्यानचनचंद स्टेडियम से आरंभ होगी तथा चित्रा चौराहा, इलाइट चौराहा तथा बी0के 0डी0 चौराहा होते हुए ध्यानचंद स्टेडियम पर संपन्न होगी। रैली के मुख्य प्रायोजकों में श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट, दतिया प्रमुख हैं, साथ ही प्रकाश साइकिल्स द्वारा लक्की ड्रॉ के बंपर पुरस्कार के तौर पर हरक्यूलिस साइकिल दी जाएगी, ड्रॉ के द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार स्वरूप प्रज्ञा बुक डिपो एवं बाल भारती इंटर कॉलेज द्वारा ट्रॉली सूटकेस, कलर किट, स्काईबैग, लंच बॉक्स, पेंसिल बॉक्स आदि पुरुस्कार दिये जायेंगे। अन्य प्रायोजकों में होटल व्यवसाई विजय साहू, एडवोकेट रोमेश अग्रवाल तथा लायंस क्लब के विशेश्वर शुक्ला, जनक्स रेस्टोरेंट, एडवोकेट रजनीश श्रीवास्तव आदि सहयोगी शामिल हैं। प्रेस वार्ता में साइकिल एसोसिएशन ऑफ झांसी की ओर से प्रमुख रूप से सचिव अनुराग मिश्रा, अरशद खान, एडवोकेट रजनीश श्रीवास्तव, एडवोकेट सचिन साहू, एडवोकेट रोमेश अग्रवाल, अभिषेक खरे, प्रतीक झा, दीपक बचवानी आदि उपस्थित रहे।

# पं ब्रजेश त्रिपाठी ने राग रागनियों की प्रस्तुति से किया मंत्र मुग्ध

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** माँ शारदा संगीत विद्यालय में संगीतगुरु पं परशुराम पाठक के सानिध्य में राष्ट्रीय कथा व्यास एवं शास्त्रीय संगीत के गायक पं बृजेश त्रिपाठी द्वारा राग रागनियों की प्रस्तुति ने मंत्र मुग्ध किया।

उन्होंने विचित्र रागों की प्रस्तुति देकर उनके बारे में समझाया।सबसे पहिले उन्होंने राग कोमल ऋषभ आसावरी में तीन ताल की बंदिश मैं तो तुम्हरो दास जन्म जन्म को ,सुनाकर भाव विभोर किया।इसके बाद राग गावती में परम सुकृत तिय नैन भयो रे की शानदार प्रस्तुति दी।तबले पर संगत पं सरजू शरण पाठक ने की। अंत मे उन्होंने राग झिंझोटी में तीन ताल की प्रस्तुति देकर मंत्र मुग्ध किया।उन्होंने कहा कि ऐसे रागों को कम गाया जाता है।युवा पीढ़ी रागों का अध्ययन करती रहे,जिससे शास्त्र का विस्मरण ना हो।संगीत की विद्या के लिए गुरु कृपा समर्पण अति आवश्यक है।संगीत की बारीकियों को समझने के लिए गुरु मुख होकर ही संगीत की साधना करें। इस संगीताचार्य पं शिवनंदन प्रसाद वशिष्ठ, ओ पी शर्मा,ठाकुरदास तिवारी,द्वारिका प्रसाद भगत ,शैलेंद्र शर्मा ,आदि उपस्थित रहे।

# पूर्वजन्मों के पुण्य से मिलता है सत्संग-पंरमाकांत व्यास

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** सिद्ध स्थान चका डोरी धाम पर चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भागवत के महात्म्य की कथा सुनाई गई । संगीत मय कथा सुनाते हुए भागवत कथा के विख्यात वक्ता भागवत भूषण पंडित रमाकांत व्यास ने कहा कि भगवान सत्य चित्त एवं आनंद स्वरूप है ।जो ऐसे भगवान की शरण मे आता है,उसके समस्त ताप नष्ट हो जाते है। उन्होंने कहा कि संसार नाशवान है।सत्य केवल परमात्मा ही।सत्य स्वरूप परमात्मा को जानने के लिए भक्ति का सहारा लें और भव सागर को पार करें।भागवत कथा का पूजन चका डोरी धाम के महंत राकेश दास जी महाराज ने किया। भागवत का मूल पाठ आचार्य दुर्गेश द्विवेदी ने किया। ऑर्गन पर अनुज गोस्वामी, हारमोनियम पर आशीष तिवारी,तबला पर मनोज भण्डारया ने संगत की। : इस मौके पर यज्ञ के आयोजक महंत राकेशदास, रमाकांत मिश्रा, नितुल व्यास, महेशचंद्र विदुआ, विकास तिवारी सिया, कैलाश तिवारी, श्रीप्रकाश द्विवेदी, गिरजा शंकर मिश्रा, दिनेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद की प्रांतीय कार्यशाला सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** ।आज भारत विकास परिषद, बुन्देलखण्ड प्रान्त (झांसी, ललितपुर। जालौन, हमीरपुर, महोबा) के तत्वावधान में शाखा दायित्वधारियों की कार्यशाला राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं प्रान्तीय मार्गदर्शकों के सानिध्य में सम्पन्न हुई।




सर्वप्रथम भारत माता एवं विवेकानंद जी के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन राष्ट्रगीत वन्देमातरम् का गायन हुआ। तत्पश्चात सभी राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दायित्वधारियों का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र धारण कराकर स्वागत किया गया। बी0 बी0 जुनेजा क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा तालबेहट, माधौगढ़ एवं महोबा में नवगठित शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव का सम्मान एवं प्रांतीय दायित्वधारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये। तत्पश्चात सभी शाखाओं से आये अध्यक्ष एवं सचिव ने अपनी - अपनी शाखाओं से पधारे सदस्यों का परिचय एवं आगामी कार्यक्रमों की रुप रेखा प्रस्तुत की।प्रांतीय अध्यक्ष लखनलाल चंदैया द्वारा सभी सम्मानित राष्ट्रीय, क्षेत्रीय दायित्वधारियों एवं शाखाओं से उपस्थित स्वजनों का स्वागत करते हुए कहा, कि बुन्देलखण्ड प्रान्त की कार्यशाला में सभी विषयों को सदस्य पूरे मनोयोग से ग्रहण करें। प्रथम सत्र में क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव ई0 अजय इटौरिया द्वारा प्रांतीय कार्यशाला का उद्देश्य एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री भारत भूषण जुनेजा द्वारा भारत विकास परिषद की विचारधारा पर प्रकाश डाला गया। द्वितीय सत्र में क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव ई0 अजय इटौरिया द्वारा भारत विकास परिषद के नियम एवं शिष्टाचार, क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक सेवा श्री विमलेश अवस्थी द्वारा सेवा गतिविधि, क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक संस्कार श्री संजय दुआ द्वारा संस्कार गतिविधि, क्षेत्रीय संपर्क गतिविधि संयोजक श्री संजय अग्रवाल द्वारा संपर्क गतिविधि एवं राष्ट्रीय सदस्य महिला सहभागिता श्रीमती अमीता जैन द्वारा महिलाओं की सहभागिता पर सारगर्भित व्याख्यान दिए गए। तृतीय सत्र में क्षेत्रीय पर्यावरण संयोजक श्री रमेश शुक्ला द्वारा पर्यावरण गतिविधि, श्री भारत भूषण जुनेजा द्वारा वित्तीय मामले, टर्स्टि एवं सोसायटी के विषय में एवं ई0 अजय इटौरिया द्वारा शाखा कार्यशालाओं के आयोजन एवं सदस्यता वृद्धि पर गहन चर्चा की गई। अंतिम सत्र में खुला मंच का आयोजन किया गया। जिसमें मंचासीन दायित्वधारियों ने प्रशिक्षार्थियों द्वारा किए गए प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। कार्यशाला का संचालन डा0 प्रदीप श्रीवास्तव, पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष ने किया एवं आभार संयुक्त रुप से प्रांतीय महासचिव नन्द गोपाल अग्रवाल एवं प्रांतीय वित्त सचिव श्री संजय मित्तल ने प्रकट किया। कार्यशाला को सफल बनाने में श्रीमती सुनीता अग्रवाल प्रांतीय महिला सहभागिता, डा0 संजीव जैन कड़की, अशोक बिलगैंया, महावीर शरण सरावगी, उमाकांत गुप्ता, अनिल तिवारी, प्रवीण गुप्ता, रमाकांत द्विवेदी, श्याम सुंदर अग्रवाल, श्रीमती प्रीति नेवालकर, अमित हराया, डा0 प्रतीक अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, डा0 स्वप्निल मोदी, मीनू सोनी, भूपेन्द्र गुप्ता, डा0 दीपा राय, श्रीमती संगीता गुप्ता, दिनेश मिश्रा, डा0 ऊषा सेन, आदि का सराहनीय योगदान रहा।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718